Weather Report

अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.

जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com

समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 90 | जयपुर, बुधवार, 04 सितम्बर 2024 | पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50



अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com


### हरियाणा में मिलकर चुनाव लड़ सकती हैं कांग्रेस-आम आदमी पार्टी

## राहुल ने गठबंधन के लिए 4 मेंबर की कमेटी बनाई, इस फॉर्मूले से लोकसभा जीते

■ संजीवनी टुडे

पानीपत। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में गठबंधन हो सकता है। दोनों ही पार्टियां चंडीगढ़ मेयर और लोकसभा चुनाव में साथ आने का फॉर्मूला दोहराना चाहती हैं। कांग्रेस-आप ने चंडीगढ़ में नगर निगम और लोकसभा चुनाव जीता था। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी पहल राहुल गांधी ने की है। सोमवार शाम को हुई केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने हरियाणा के नेताओं से इस बारे में पूछा। पार्टी ने गठबंधन के लिए केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में दीपक बाबरिया, अजय माकन और भूपेंद्र हुड्डा की कमेटी बनाई है। राज्य में दोनों पार्टियों ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन किया था। राज्य की कुल 10 सीटों में से कांग्रेस ने 9 और आप ने 1 सीट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 5 सीटें जीतीं, लेकिन आप कुरूक्षेत्र सीट हार गई थी। विपक्ष के वोट न बंटे। इससे पहले गुजरात में आप और कांग्रेस अलग-अलग लड़ी थीं, जहां कांग्रेस को काफी नुकसान हुआ। हरियाणा पंजाब से सटा हुआ है। जहां आप की सरकार है। ऐसे में बॉर्डर सीट पर आप के प्रभाव से कांग्रेस के वोट कट सकते हैं। उसका भी नुकसान हो सकता है। राहुल गांधी विपक्षी एकता को भी जिंदा रखना चाहते हैं, वे दिखाना चाहते हैं कि विपक्ष पूरी तरह से एकजुट है।



### भाजपा बोली- कांग्रेस को हार दिख गई

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस को पता लग गया है कि वह हरियाणा नहीं जीत सकती। इसलिए आखिरी वक्त में कुछ उपाय कर रही है। आप से गठबंधन की बात कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस जो मर्जी कर ले, किसी से गठबंधन कर ले, भाजपा ही आएगी। हम हरियाणा में वोटों का ध्रुवीकरण और भाजपा को रोकना चाहते हैं। चंडीगढ़ नगर निगम के 35 वार्डों के लिए इसी साल मार्च महीने में चुनाव हुआ था। इसका चुनाव तो आप और कांग्रेस ने अलग-अलग लड़ा। जिसमें जिसमें आप के 13 पार्षद और कांग्रेस के 7 पार्षद जीत गए। भाजपा के 14 और एक पार्षद अकाली दल का बना। मेयर के लिए सबसे बड़ी पार्टी भाजपा बनी। हालांकि इंडिया ब्लॉक के तहत आप-कांग्रेस ने मेयर चुनाव में गठबंधन कर लिया। जिसके बाद यहां कुलदीप कुमार आम आदमी पार्टी के मेयर चुने गए। देश भर में इंडिया ब्लॉक के आपस में मिलकर लड़ने और भाजपा को हराने का यह पहला चुनाव था।

### गठबंधन को लेकर आप नेता संजय सिंह बोले- भाजपा को हराना हमारी प्राथमिकता

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, ''मैं राहुल गांधी के बयान का स्वागत करता हूं। भाजपा को हराना हमारी प्राथमिकता है। उनकी नफरत की राजनीति, उनकी जनविरोधी, किसान विरोधी, भाजपा की युवा विरोधी नीति और महंगाई के खिलाफ हमारा मोर्चा है। उन्हें हराना हमारी प्राथमिकता है, लेकिन आधिकारिक तौर पर हमारे हरियाणा प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष आगे की बातचीत के आधार पर अरविंद केजरीवाल को इस बारे में बताएंगे और फिर इस पर आगे कुछ बात की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने नेताओं से पूछा कि क्या हमें हरियाणा में आम आदमी पार्टी से गठबंधन करना चाहिए? साथ ही पूछा कि गठबंधन संभव है या नहीं और अगर हुआ तो इसके फायदे-नुकसान क्या होंगे, इसके बारे में रिपोर्ट मांगी है। माना जा रहा है कि गठबंधन हुआ तो सीट बंटवारे को लेकर लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला ही अपनाया जा सकता है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर गठबंधन होता है तो आप को केवल 3-4 सीटें दे सकते हैं, मगर आप इससे ज्यादा मांग रही है, इसलिए गठबंधन मुश्किल है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि गठबंधन हो सकता है। इसके लिए आप और इंडिया के सहयोगी बाकी दलों के साथ बातचीत चल रही है।

### राजस्थान के 6 जिलों में तेज बारिश: बिजली गिरने से 3 की मौत

## उदयपुर में नदी में गाड़ी सहित बहा टीचर, उदयसागर के गेट खोले

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान में सितंबर में भी तेज बारिश का दौर जारी है। मंगलवार शाम जयपुर, अजमेर, पाली, सीकर और बांसवाड़ा के कई इलाकों में तेज बरसात हुई। वहीं, उदयपुर और आसपास के इलाकों में सुबह तेज बारिश हुई। इस कारण शहर में कई जगह पानी भर गया। तेज बारिश के कारण पिछोला झील पूरी भर गई है। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है कि किसी भी वक्त स्वरूप सागर के गेट खोले जा सकते हैं। वहीं, उदयसागर के गेट 4 फीट तक खोले गए हैं। जिले के पानेर में एक महिला की भी बिजली गिरने से मौत हो गई। नागौर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक महिला झुलस गई। वहीं, धौलपुर में दो युवक नदी में डूब गए। उनकी तलाश की जा रही है। बांसवाड़ा में माही बजाज सागर बांध के 8 गेट खोल दिए गए हैं। बांध के कैचमेंट एरिया में राजस्थान और मध्य प्रदेश में हुई बारिश से पानी की लगातार आवक हो रही है। चारों गेट एक-एक मीटर खोलकर 25 हजार क्यूसेक पानी माही नदी में छोड़ा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राजस्थान में 6 सितंबर तक हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



बांसवाड़ा में शाम 4:30 बजे माही बजाज सागर बांध के 4 गेट खोले गए। चारों गेट एक-एक मीटर खोलकर 25 हजार क्यूसेक पानी माही नदी में छोड़ा जा रहा है। उदयसागर के गेट मंगलवार सुबह पहले एक फीट तक खोले गए थे, लेकिन पानी बढ़ने के साथ ज्यादा गेट खोले गए। उदयपुर में बीते दो दिन से हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। मंगलवार सुबह जिले के गोदो का गुड़ा में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। ग्रामीण शंकर लाल गमेती ने बताया कि गांव में अनछी (30) पत्नी कालू सिंह राजपूत खेत से चारा लेकर घर लौट रही थी। तभी उस पर बिजली गिर गई। जब तक गांव के लोग मौके पर पहुंचे उसकी मौत हो गई थी। वहीं, झाड़ोल में थोबावाड़ा नदी उफान पर आने से झाड़ोल-कंथारिया मार्ग बाधित हो गया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाईं

## बोर्ड-पैनल बनाने के साथ नियुक्ति का अधिकार दिया, गृह मंत्रालय ने जानकारी दी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ा दी हैं। अब एलजी राजधानी में ऑथॉरिटी, बोर्ड, कमीशन या वैधानिक निकाय का गठन कर सकेंगे। इसके अलावा वे इन सभी बॉडीज में मेंबर्स की नियुक्ति भी कर सकेंगे। इसकी जानकारी गृह मंत्रालय ने मंगलवार की देर रात नोटिफिकेशन जारी करके दी है। यह फैसला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 के तहत लिया गया है। इससे पहले यह अधिकार दिल्ली सरकार के पास थे। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने उपराज्यपाल को संसद की ओर से दिल्ली के लिए बनाए गए कानूनों के तहत अहम फैसला लिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल एलजी में सीधे पार्षद नियुक्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें दिल्ली सरकार से सलाह लेना जरूरी नहीं है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में था। 5 अगस्त को कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 मेंबर नॉमिनेट करने के उपराज्यपाल के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के 10 एल्डरमैन नियुक्त करने के फैसले को बरकरार रखा था। दरअसल, एलजी विनय कुमार सक्सेना की ओर से इस साल 1 और 4 जनवरी को ऑर्डर और नोटिफिकेशन जारी करके 10 एल्डरमैन (मेंबर) की नियुक्ति की गई थी। इसके फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर असहमति जताई थी

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा झटका बताया है। उन्होंने फैसले पर अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा है कि कोर्ट का फैसला मामले की सुनवाई से एक दम उलट है। सांसद ने कहा कि दिल्ली को अन्य राज्यों की तरह ये अधिकार मिलना चाहिए।

### दो महीने पहले जम्मू-कश्मीर के एलजी की शक्तियां भी बढ़ी थीं

केंद्र सरकार ने इसी साल 13 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की प्रशासनिक शक्तियां बढें थीं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार खक्क की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया, जिसमें खक्कको ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गईं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे।

### वसुंधरा बोलीं- आसमान छू लो, पैर जमीन पर रखो

## बहुत लोग हैं, जिन्हें पीतल की लौंग मिल जाए तो खुद को ज्वेलर समझने लगते हैं

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- ओम माथुर ने कितनी भी बुलंदियां छू ली हो, लेकिन हमेशा पैर जमीन पर रखते हैं। आपको समझ है कि हम कितने भी ऊपर चले जाएं। पैरों से जमीन नहीं खिसकनी चाहिए। हमारा संपर्क, हमारे कार्यकर्ता, प्रशंसकों और जो हमारा साथ देते हैं। उनके साथ बनाए रखना चाहिए। राजे मंगलवार शाम को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में सिक्किम के राज्यपाल बनने के बाद पहली बार जयपुर पहुंचे ओम माथुर के सम्मान समारोह में बोल रही थीं। पूर्व सीएम ने कहा- यही वजह है कि आज यह पूरा ऑडिटोरियम भरा हुआ है। क्योंकि आपने अपने पैरों को धरातल पर रखने का काम किया है। लेकिन क्या होता है न भाई साहब। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें कहीं से पीतल की लौंग मिल जाए। वह अपने को सर्राफ(ज्वेलर) समझने लगते हैं। यहां बैठे हुए लोगों को आपसे समझना चाहिए कि बेशक आसमान छू लो, लेकिन पांव हमेशा जमीन पर रखो। राजे ने कहा- माथुर ऊपर से गरम, भीतर से नरम हैं। जिन्होंने छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर असंभव को संभव किया। विपक्षी कुछ भी कहें, गवर्नर रबर स्टैंप नहीं आयरन फिस्ट इन वैल्वेट ग्लव होता है।




### राज्यपाल शक्ति रहित नहीं, शक्ति सहित होता है: वसुंधरा

पूर्व सीएम ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि राज्यपाल किसी भी विधेयक को रोक सकता है। वह मंत्री परिषद की सलाह से काम तो करता है, लेकिन अनुच्छेद 166(2) के अनुसार उसका निर्णय ही अंतिम है। अनुच्छेद 356 में राज्यपाल की सिफारिश पर किसी भी बहुमत की सरकार को हटा कर उस प्रदेश में सरकार के सारे अधिकार राज्यपाल को मिल जाते हैं। इसलिए राज्यपाल शक्ति रहित नहीं, शक्ति सहित होता है। संविधान बनाते वक्त यह तय हुआ कि देश में जैसे राष्ट्रपति हैं, वैसे ही राज्य में गवर्नर होंगे। इसलिए राज्य में गवर्नर ही सबसे शक्तिशाली होता है। फिर जैसा घुड़सवार होगा, घोड़ा वैसे ही दौड़ेगा। माथुर कुशल घुड़सवार हैं। जिन्हें लगाम खींचना और चाबुक चलाना अच्छे से आता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- वसुंधरा राजे ने सरकार चलाते हुए कई आयाम स्थापित किए। उनकी नकल कई राज्यों के साथ केंद्र ने भी की। ओम माथुर के पीएम नरेंद्र मोदी से दोस्ती रही। एक बार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अगर मेरे पास 10 ओम माथुर हो तो मैं देश की क्या, दुनिया की फिजा बदल सकता हूं। उन्होंने कहा कि ओम माथुर ने अपना पूरा जीवन संगठन को समर्पित कर दिया। वे शुरू में ही स्वयंसेवक बन गए थे।

## राजौरी में आतंकियों ने पुलिस पर फायरिंग की

■ संजीवनी टुडे

### सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरा, सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर अटैक में जवान शहीद हुआ था

श्रीनगर। मंगलवार (3 सितंबर) की शाम थानामंडी में 10 से 12 गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। इससे पहले सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। इसमें एक जवान शहीद हुआ था। सेना के अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने मिलिट्री स्टेशन के बाहर से छिपकर स्नाइपर गन से गोलियां चलाई थीं। जवान के घायल होने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ड्रोन से भी इलाके की निगरानी की जा रही है। आतंकियों के ढूंढने के लिए इलाके की बिल्डिंग और आसपास जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के सांबा में सुरक्षाबलों ने 3 पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों ने बताया कि ये हथियार ड्रोन से गिराए गए थे। बीएसएफ और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। सर्च ऑपरेशन भी तेज कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में 5 दिन में यह दूसरा हमला है। इससे पहले 29 अगस्त को कुपवाड़ा में एनकाउंटर में 3 आतंकी मारे गए थे। इनमें दो टेररिस्ट माछिल और एक तंगधार में मारा गया था। सेना ने बताया था कि माछिल और तंगधार में 28-29 अगस्त की देर रात खराब मौसम के बीच संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी। इसके बाद यहां सेना और पुलिस ने सर्चिंग शुरू की। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई थी। 14 अगस्त को डोडा में आतंकियों से एनकाउंटर में राष्ट्रीय राइफल के आर्मी कैप्टन दीपक सिंह शहीद हो गए। वह डोडा में असार फॉरेस्ट एरिया में चल रहे एनकाउंटर में टीम को लीड कर रहे थे। एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया। 16 जुलाई को भी डोडा के डेसा इलाके में मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत 5 जवान शहीद हुए थे।

### गहलोत राज में सामाजिक संस्थाओं के जमीन आवंटन बरकरार रहेंगे


## पिछली सरकार के अंतिम 6 माह के फैसलों की समीक्षा रिपोर्ट इसी महीने देगी कैबिनेट सब कमेटी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। पिछली कांग्रेस सरकार के अंतिम छह महीनों में सामाजिक संस्थाओं को आवंटित जमीनों के ज्यादातर मामलों को कैबिनेट सब कमेटी ने हरी झंडी दे दी है। गहलोत सरकार ने अंतिम छह महीनों में बड़े पैमाने पर सामाजिक संस्थाओं को जमीन आवंटित की थी। गहलोत सरकार के फैसलों की समीक्षा के लिए बनी कैबिनेट सब कमेटी ने समाजों को आवंटित ज्यादातर जमीनों के मामलों को बरकरार रखने की राय दी है। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक हुई। इसमें गहलोत राज के आखिरी छह महीने के जमीन आवंटन की समीक्षा की गई। करीब 40 से ज्यादा जमीन आवंटन के प्रकरणों पर रिव्यू किया गया। मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- पिछली सरकार के अंतिम 6 महीने में मंत्रिमंडल ने जो फैसले लिए थे। उनकी समीक्षा की गई है। आज जमीन आवंटन से जुड़े हुए मामलों का रिव्यू किया है। इनमें संस्थानों के जमीन आवंटन के मामले थे, व्यक्ति विशेष के मामले थे। जमीन आवंटन के कई मामले ऐसे थे, जिनमें एकदम जल्दी में प्रक्रिया अपनाई। उनको खत्म करने पर विचार किया गया।

### इसी महीने सब कमेटी की रिपोर्ट संभव

पटेल ने कहा- पूरी निष्पक्षता से राज्य हित में जो काम किए गए हैं, उनकी उस हिसाब से समीक्षा होगी। सब कमेटी संभवत: इसी महीने रिपोर्ट बनाकर देगी। उन्होंने कहा- कमेटी ने यह महसूस किया है कि एक तो उन्होंने बहुत जल्दबाजी में पूरी प्रक्रिया अपनाए बिना ही निर्णय लिए। कुछ निर्णय जल्दबाजी में नियमों की अवहेलना करके किए। कुछ केस में उन्होंने अनावश्यक रूप से समाज या संस्था को जल्दबाजी में आवंटन कर दिया। कुछ प्रकरणों में जल्दबाजी जरूर हुई, लेकिन नियम अनुसार कार्रवाई भी हुई।



### मंत्री मंजू बोलीं- जिन जमीनों के आवंटन पत्र तैयार, उन्हें बरकरार रखा जाएगा

सार्वजनिक निर्माण मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा- आज 40 मुद्दों पर चर्चा की गई। दो या तीन मीटिंग के बाद हम इसकी रिपोर्ट दे देंगे। कुछ समाजों के जमीन आवंटन के मुद्दे थे, कुछ व्यक्तिगत मुद्दे थे। उन पर गाइडलाइन फिक्स की है। जिन जमीन आवंटन के मामलों में पैसा जमा हो चुका, कब्जा ले लिया। उन्हें हरी झंडी मिल जाएगी। जिनमें आवंटन पत्र जारी नहीं हुए हैं, उनका फिर से निरीक्षण के लिए कहा है। कुछ प्रकरण ऐसे हैं, जो निजी हितों वाले थे, उन्हें निरस्त करने की सिफारिश की है। उन पर समग्र विचार किया गया। हम अपनी रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास

## पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को 10 दिन में फांसी होगी

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को एंटी रेप बिल पास हो गया। नए कानून के तहत रेप केस की 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। इसके अलावा पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया है। इसे अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) नाम दिया गया है। अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। उसके बाद यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। दोनों जगह पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर हुआ था। इसके बाद देशभर में डॉक्टरों और राजनीतिक दलों के प्रदर्शन के बाद ममता बनर्जी ने कहा था कि वो राज्य में रेप जैसे अपराध के लिए सख्त कानून बनाएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को भी इसके लिए दो बार चिट्ठी लिखी थी। हम चाहते हैं कानून तत्काल लागू हो, यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हमें परिणाम चाहिए। इसलिए हम पूरा समर्थन करते हैं। मुख्यमंत्री को जो कहना है कह सकती हैं, लेकिन गारंटी देनी होगी कि यह बिल तुरंत लागू होगा। बंगाल सरकार ने बिल को अपराजिता वुमन एंड चाइल्ड बिल 2024 नाम दिया है। इसका मकसद वेस्ट बंगाल क्रिमिनल लॉ एंड अमेंडमेंट बिल में बदलाव कर रेप और यौन शोषण के मामलों में महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा बढ़ाना है। अगर रेप के बाद विक्टिम की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा में चली जाती है तो इस स्थिति में रेप के दोषी को फांसी की सजा दी जाए। बिल में कहा गया है कि रेप-गैंग रेप के दोषी को उम्रकैद की सजा दी जाए। इसमें उसे सारी उम्र जेल में रखा जाए। इस दौरान उसे पैरोल भी ना दी जाए। मौजूदा कानून के तहत उम्रकैद की कम से कम सजा 14 साल है। उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद सजा माफी हो सकती है, पैरोल दी जा सकती है। सजा कम भी की जा सकती है, लेकिन जेल में 14 साल बिताने होंगे।


### पेरिस पैरालिंपिक- भारत ने 20वां मेडल जीता

## छठे दिन जैवलिन थ्रो और हाई जंप में 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज, दीप्ति ने भी ब्रॉन्ज दिलाया

■ संजीवनी टुडे

पेरिस। पैरिस पैरालिंपिक में भारत ने 20 मेडल जीत लिए हैं। छठे दिन देर रात को 5 मेडल मिले। विमेंस 400 मीटर में सबसे पहले दीप्ति जीवांजी ने ब्रॉन्ज जीता। फिर मेंस की एफ-46 कैटेगरी के जैवलिन थ्रो इवेंट में अजीत सिंह ने सिल्वर और सुंदर सिंह गुर्जर ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। वहीं मेंस टी-42 कैटेगरी के हाई जंप इवेंट में शरद कुमार ने सिल्वर और मरियप्पन थांगावेलु ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। हाई जंप में अमेरिका के ईजरा फ्रेच और जैवलिन थ्रो में क्यूबा के गुलेर्मो गोन्जालेज ने गोल्ड मेडल जीता। हाई जंप में भारत के शैलेश कुमार चौथे स्थान पर रहे, जबकि जैवलिन थ्रो में रिंकू ने पांचवें नंबर पर फिनिश किया। भारत अब तक 3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। देश ने कल 8 मेडल जीते थे, जबकि आज 5 मेडल मिले, पांचों एथलेटिक्स में रहे। 20 मेडल जीतकर भारत फिलहाल 17वें नंबर पर है। चीन पहले, ब्रिटेन दूसरे और अमेरिका तीसरे नंबर पर है। इनमें वे एथलीट्स आते हैं, जिनका एक पैर टूटा हुआ रहता है या वे जिन्हें एक पैर से चलने या दौड़ने में दिक्कत होती है।

### जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीतने से चूके



मेंस एफ-46 कैटेगरी में भारत के सुंदर सिंह गुर्जर के नाम 68.60 मीटर दूर जैवलिन फेंकने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वह 64.96 मीटर दूर ही भाला फेंक सके, जिस कारण उन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिला। जबकि अजीत सिंह ने 65.62 मीटर दूर जैवलिन फेंक कर सिल्वर अपने नाम किया। क्यूबा के गुलेर्मो गोन्जालेज ने दूसरे अटेम्प्ट में 66.14 मीटर का थ्रो फेंककर गोल्ड मेडल जीता। भारत के ही रिंकू आखिरी अटेम्प्ट में 61.58 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पांचवें नंबर पर रहे। क्क 46 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिनका एक हाथ नहीं होता या जिनका एक हाथ काम नहीं कर रहा होता। टी-42 और 63 कैटेगरी के हाई जंप में शरद कुमार ने 1.88 मीटर जंप कर सिल्वर मेडल जीता। जबकि मरियप्पन थांगावेलु ने 1.85 मीटर का जंप कर तीसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के ईजरा फ्रेच 1.94 मीटर जंप कर पहले नंबर पर रहे। इवेंट में भारत के ही शैलेश कुमार 1.85 मीटर के बेस्ट जंप के साथ चौथे नंबर पर रहे। भारत के तीनों एथलीट्स टी-42 कैटेगरी के हैं।

## खबरें फटाफट

### बच्चों व आमजन को होती है बहुत परेशानी बरसात में रास्ता हो जाता है अवरुद्ध

■ संजीवनी टुडे

टहला। ग्राम रूपबास ग्राम पंचायत घेवर तह. टहला (अलवर) में आम रास्ते के पास गहरा गद्दा की गहराई 7-8 फिट के करीबन है। जिसमें गाँव रूपबास का गन्दा पानी का भराव होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। तथा उक्त रास्ते के अलावा अन्य



कोई रास्ता नही है । स्कूल के बच्चों के लिऐ आये दिन को समस्या पैदा हो रही है। अभी कुछ दिन पहले ओमप्रकाश की छोटी पुत्री स्कूल जाते समय इस गड्ढे में गिर गई थी। जिसे समय पर उपस्थित लोगों द्वारा बाहर निकाला गया । इस लिए उक्त रास्ता में मि?ट्टी डलवाया जाना अति आवश्यक है । इसके लिए हमने सरपंच को बोला लेकिन अभी तक उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है और बोला कि अब से पहले कोई सरपंच नहीं रहा कि उनसे क्यों नहीं करवाया । ग्रामीण राजेश कुमार सैनी ने बताया कि मंगलवार को विकास अधिकारी राजगढ़ को ज्ञापन दिया था जिसने तुरंत समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया बेटी प्रीमियर लीग की ट्रॉफी एवं पोस्टर का अनावरण



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और खेलो इंडिया अभियान से युवतियों और महिलाओं को जोड़कर उनकी खेल प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली महिला क्रिकेट प्रतियोगिता बेटी प्रीमियर लीग के पोस्टर और ट्रॉफी का विमोचन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। इस मौके पर बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर के. सी. बोकाडिया, अमित बोकाडिया और रमेश सारडा मौजूद थे। बेटी प्रीमियर लीग के संयोजक अमित बोकाडिया और रमेश सारडा ने बताया कि आरआर केबल के सहयोग से होने वाली इस लीग का आयोजन 14 और 15 सितंबर 2024 को जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड पर होगा, जिसमें पूरे राजस्थान से खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें बेटी बचाओ अभियान के लिए 6 टीमें शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान फिल्म और टीवी जगत की कई जानी मानी हस्तियां भी मौजूद रहकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगी।

### आकर्षण का केन्द्र रहा कलाकारों की तबला कचहरी सलोना प्रदर्शन



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में चल रहे भाव सुर ताल के दो दिवसीय स्वर भाव उत्सव-24 के आखिरी दिन मंगलवार को सितार-हारमोनियम की कमाल की जुगलबंदी के साथ गायन और बाल, किशोर वर्ग की तबला कचहरी की सलोनी प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहीं, जिसने बड़ी तादाद में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। युवाओं में शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के मकसद से हुए कार्यक्रम के पहले दिन कलाकार इशांत सक्सेना का एकल तबला वादन और मिष्ठी सिंह के एकल कथक की प्रस्तुति को भी काफी सराहा गया था। मंगलवार को हुए कार्यक्रम में जल-नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसमें जल बचाने का संदेश दिया गया। अंत में संस्था निदेशक डॉ. अंकित पारीक, तरुणा जांगिड़ ने प्रशस्ति पत्र देकर कलाकारों को सम्मानित किया।

### निमोड़िया के गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस थाने में किया विरोध-प्रदर्शन प्रदर्शन



■ संजीवनी टुडे

चाकसू । थाना इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। और वही क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम पुलिस की कार्यशैली से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। और निमोडिया गांव के गुस्साए ग्रामीणों ने सरपंच पलक जैन एवं प्रतिनिधि अमित जैन के नेतृत्व में पुलिस थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया गया था और उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं । और ग्रामीणों ने ड्यूटी ऑफिसर को चोरी के मामलो का खुलासा करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया है। और ग्रामीणों ने बताया कि निमोडिया गांव में युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है। यहां आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। और बेखौफ चोर दिन दहाड़े चोरी की वारदात कर रहे है। चोरी के मामले दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने चोरी की वारदातो का खुलासा नहीं किया है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण लोग साथ में मौजूद रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री ने किया एक करोड 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित नगर वन का फीता काटकर लोकार्पण

## करीब 85 लाख रूपये की लागत से बनने वाले खाटू श्याम स्वागत द्वार का किया शिलान्यास

■ संजीवनी टुडे

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज कटी घाटी स्थित 1.10 करोड की लागत से निर्मित नगर वन का फीता काटकर लोकार्पण किया एवं कटी घाटी स्थित गौरव पथ पर करीब 85 लाख रूपये की लागत राशि से बनाए जाने वाले खाटू श्याम जी स्वागत द्वारा का शिलान्यास किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री यादव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के कैम्पा फण्ड के तहत यह नगर वन विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के बीचों-बीच विकसित किया गया नगर वन का बायोडायवर्सिटी पार्क से जुडाव होने के कारण पर्यटकों एवं शहरवासियों को रमणीय स्थान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने हेतु इको ट्यूरिज्म की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस नगर वन में पक्षी घर बनाया गया है जो विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के लिए शरस्थली होगा, दो किमी इको ट्रेल बनाया गया है जिससे आमजन को मॉर्निंग वाक आदि में सहूलियत होगी, पौधों को पानी की आपूर्ति हेतु दो पानी की टंकियां बनाई गई है जिससे पौधों को सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, दो व्यू पॉइंट बनाए गए हैं जिससे यहां आने वाले पर्यटक पूरे रमणीय स्थल का प्राकृतिक सौन्दर्य नजारा देख सकेंगे। सम्पूर्ण नगर वन क्षेत्रा में 3500 पौधे लगाए गए है जो यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य में निखार लाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही यहां ईको-हट, सेल्फी पॉइंट, वाटर होल, फोरेस्ट गार्ड चौकी, सौलर पैनल, सौर कनेक्शन के साथ एक बोरवेल, नगर वन की सुरक्षा हेतु 6 फीट की पक्की दीवार बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने एवं धरती मां के प्रति कृतज्ञता प्रकट



करते हुए पुराना भूरासिद्ध स्थित वन क्षेत्र में मातृ वन विकसित किया गया है जिसमें 'एक पेड मां के नाम अभियान' के तहत जनसहभागिता से एक साथ करीब 10 हजार से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि जितना देश का विकास होगा उतने ही पौधे देश की धरा पर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जननी मां के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के साथ-साथ धरती मां के लिए भी पेड लगाकर उसका रखरखाव के दायित्व का भी ऋण होता है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को निभाकर धरती मां के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित एक पेड मां के नाम अभियान के तहत 5 जून से अभी तक 52 करोड लोगों ने पौधे लगाने की वन विभाग के पोर्टल पर एंट्री कराई है। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि बाबा खाटू श्याम जन-जन की आस्था के प्रतीक है तथा बाबा श्याम को समर्पित यह तोरण द्वार श्रद्धालुओं की आस्था को मूर्त रूप प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु इस द्वार से प्रवेश कर रमणीयता की अनुभूति करेंगे। उन्होंने कहा कि तोरण द्वार का निर्माण होने पर कटी घाटी को हरी घाटी के नाम से पहचान मिलेगी तथा हरी घाटी द्वार के दर्शन बाबा श्याम के दर्शन की अनुभूति कराएगा।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि नगर वन के लोकार्पण से शहरवासियों के साथ-साथ यहां आने वाले पर्यटकों को प्राकृतिक सौन्दर्य की अनुभूति मिलेगी बायोलोजिकल पार्क का नगर वन से जुडाव होने से शहर की आबोहवा की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा शहरवासियों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित एक पेड मां के नाम अभियान में हरियालो राजस्थान अभियान को समाहित कर प्रदेश की धरा को हराभरा करने का वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में विकसित किए गए मातृ वन में 4 अगस्त को जूली फ्लोरा को उखाड कर 10 हजार छायादार पौधे लगाए गए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर जिले को तरजीह देते हुए बजट में कई सौगातें दी गई जिनमें बायोलोजिक पार्क, विज्ञान केंद्र, मातृवन, शहर को पेयजल आपूर्ति हेतु योजनाएं जैसी कई सौगाते शामिल है। उन्होंने कहा कि भाखेड़ा में एनिकट बनाया जाएगा जिस पर 8 करोड रुपए खर्च होंगे। भाखेड़ा में एनीकट बनने से जहां वन्य जीवों सहित अलवर शहर की जनता को भी पानी मिलेगा, रूपारेल नदी से जयसंबंध पानी लाने के लिए पक्की नहर तैयार की जा रही है जिसको 40 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान-2024 से सम्मानित किए जाएंगे: डॉ. रामकृपाल मीणा

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ । लक्ष्मणगढ़ उपखंड के गांव गढ़बास, खोहरा मलावली के निवासी डॉ. रामकृपाल मीणा का शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान देने के लिए चयन किया है। 05 सितम्बर को त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री द्वारा होगें सम्मानित।, डॉ. राम कृपाल मीणा 2008 से दिल्ली सरकार में व्याख्याता - राजनीति विज्ञान के पद पर कार्यरत है 2008 से अब तक हमेशा इनका रिजल्ट 100% रहा है इन्होने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार विकसित किये है। नये नये शिक्षण टूल्स विकसित किये है। आर्थिक रूप से गरीब छात्रों को डॉ. राम कृपाल मीना भामाशाहो की मदद से नोटबुक, स्टेशनरी , स्कूल यूनिफॉर्म और परीक्षा शुल्क में सहायता उपलब्ध करवाते हैं कोविड-19 के दौरान इन्होंने राशन वितरण ड्यूटी, वैक्सीन ड्यूटी, मास्क डोनेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण काम किये थे। एलुमनाई मीट के तहत पास आउट छात्रों



का इंटरेक्शन सेशन कराते है। स्कूल से ड्रॉपआउट कम करने पर काम किया है। यें झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए कक्षाएं लगाते है। तथा भामाशाहो की मदद से उन्हे राशन, कपडें वितरित करते है । इन्हे उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। तथा विद्यालय तथा पार्को में वृक्षारोपण अभियान चलाते हैं ।

## बल्देवगढ़ से गुवाना बालाजी महाराज की चतुर्थ विशाल ध्वज पदयात्रा निकाली



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के गोलाकाबास के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बल्देवगढ़ के सीताराम भगवान मंदिर परिसर से गुवाना बालाजी महाराज के लिए चतुर्थ ध्वज पदयात्रा निकली आचार्य चंद्रप्रकाश जोशी ने वैदिक मंत्र उच्चारण और विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई पदयात्रा को भाजपा टहला मंडल अध्यक्ष दयानंद शर्मा व सियाराम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रवि जोशी ने ध्वज लिए हनुमानजी के भजन गाते नाचते हुए महिला पुरुष पदयात्रा में रवाना हुए, सुरेश जोशी ने बताया की यात्रा में जगह जगह यात्रियों के लिए जल पान की व्यवस्था की गई। यात्रा के हनुमान मंदिर पहुंचने पर समापन के बाद पंगत प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर गुवाना बालाजी महाराज भक्त मंडली एवं खैराती लाल शर्मा, रामेश्वर दयाल जोशी, महेश जोशी, हरिनारायण मोदी, रामावतार शर्मा, कल्याण सहाय शर्मा, धारासिंह गुर्जर, मोहनलाल प्रजापत, सहित क्षेत्रवासी मौजेद रहे।

## दों दिवसीय महोत्सव को सफल बनाने हेतु 12 अलग-अलग कमेटियों का किया गठन

■ संजीवनी टुडे

शिवगंज। गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर तैयारियां हुई प्रारंभ, शहर की छावनी क्षेत्र सदर बाजार स्थित गजानन मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक गणेश चतुर्थी दो दिवसीय महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा । गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर गजानन मंदिर कमेटी के द्वारा समय-समय पर ली जा रही बैठक, गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर आगामी 6 सितंबर को रात्रि में महिला मंडल द्वारा भजन संध्या एवं आंगीकारो के द्वारा भगवान गणपति की सुंदर आंगी तैयार की जाएगी ।

7 सितंबर की सुबह भगवान गणपति का जन्मोत्सव, महा आरती प्रसाद वितरण एवं छप्पन भोग, शाम 3:00 शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विशाल शोभायात्रा एवं रात्रि में भजनों के सम्राट गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज के द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति पेश की जाएगी । कार्यक्रम के सफल




संचालन को लेकर गजानंद जी की आंगी हेतु कमेटी में नरेंद्र मित्तल, महावीर सोनी शिवम सोनी विशाल मित्तल, महिला भजन संध्या में दीपक शर्मा, हिम्मत घांची, नारायण कुमावत, प्रसाद व्यवस्था में सूर्य प्रकाश गोयल, महेंद्र सिंघल मुकेश सिंघल राजेंद्र गर्ग सचिन अग्रवाल विनोद खंडेलवाल, चाय और अपनी व्यवस्था में प्रवीण सिंघल, कमलेश अग्रवाल मोहित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी और फुल डेकोरेशन में हेमन्त सिंघल, जन्मोत्सव व आरती व्यवस्था में विनोद सिंघल, विपिन अग्रवाल निकेश सिंघल , सुरेंद्र, किशोर वैष्णव श्रवण महेंद्र संजय रमेश अमित, शोभायात्रा व्यवस्था में सुभाष मित्तल, हरे कृष्णा जयेश दिलीप नीरज शर्मा विशाल, लोकेश सिंघल, यश मित्तल, विनोद कुरील, सांयकालीन महाआरती व्यवस्था कैलाश सोनी, राजेंद्र, विनोद, वरूण, जगदीश टेलर, दिनेश, विशाल भजन संध्या व पांडाल व्यवस्था भूपेन्द्र गोयल, दीपक, अमृत, घनश्याम, राकेश, मितेश, सुनील, जैनेन्द्र, महेंद्र, कैलाश, मोहित, तरूण, छप्पन भोग अर्जुन अग्रवाल, ड्रेस कोड अशोक सिंघल, बैच व्यवस्था महेंद्र गोयल कों कार्यभार सौंपा गया।

## टीवीएस की ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लांच, छः कलर्स के साथ यह रहेगी कीमत

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर बनाने में दुनिया की नामी कंपनियों में से एक टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने आज ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। लॉन्च के मौके पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हेड कम्यूटर बिजनेस और हेड कॉरपोरेट ब्रांड और मीडिया अनिरुद्ध हलधर ने कहा, 'टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है। समय के साथ, 65 लाख परिवारों ने इस उत्पाद में अपना विश्वास जताया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव ब्रांडों में से एक बन गया है। टीवीएस जूपिटर को बेहतरीन आराम और सुविधा के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसमें कई सेगमेंट-फर्स्ट सुविधाएं हैं, जिनमें एक बड़ा ग्लव बॉक्स, फ्रंट फ्यूल फिल, एक लंबी सीट, एक ऑल-इन-वन लॉक, एक यूएसबी मोबाइल चार्जर और पेटेंटेड ई-जेड सेंटर स्टैंड शामिल हैं। स्कूटर का एलईडी हेडलैम्प रात में सुरक्षित सफर सुनिश्चित




करता है, जबकि मोटरसाइकिल जैसा फ्रंट टेलीस्कोपिक सस्पेंशन और बड़े 90/90-12 इंच के टायर एक सहज और आरामदायक यात्रा की गारंटी देते हैं। वाहन में बॉडी बैलेंस टेक्नोलॉजी 2.0 है, जिसकी वजह से आगे, नीचे और बीच में संतुलन बनाना आसान हो जाता है। फ्यूल टैंक 1,000 मिमी से अधिक स्थानांतरित होता है जिससे सेंटर ऑफ ग्रेविटी (सीओजी) आगे और नीचे हो जाता है, जिससे वाहन को बेहतर स्थिरता मिलती है। बड़े 12 इंच के पहियों और बेहतरीन व्हीलबेस के साथ, ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 तंग ट्रैफिक में बहुत कम गति पर भी संतुलन बनाए रख सकता है। इसे कई रोमांचक रंगों के साथ सोच-समझकर तैयार किया गया है - डॉन ब्लू मैट, गैलेक्टिक कॉपर मैट, टाइटेनियम ग्रे मैट, स्टारलाइट ब्लू ग्लॉस, लूनर व्हाइट ग्लॉस और मेट्योर रेड ग्लॉस। 76,400/- रुपए (एक्स-शोरूम, राजस्थान) की शुरुआती कीमत पर, यह स्कूटर सभी टीवीएसएम डीलरशिप पर 4 वैरिएंट - ड्रम, ड्रम अलॉय, ड्रम एसएक्ससी और डिस्क एसएक्ससी में उपलब्ध होगा।

## चिकित्सालय और गौ शाला भूमि विवाद गहराया

### निष्काम गौ सेवा समिति ने रैली निकाल किया धरना प्रदर्शन

■ संजीवनी टुडे

टोडारायसिंह (केकडी)। उपखण्ड मुख्यालय पर गत एक माह से उप जिला चिकित्सालय निर्माण की प्रस्तावित भूमि एवं निष्काम गौ सेवा तंत्र समिति के बीच भूमि को लेकर चला आ रहा विवाद सुलझने के बजाय ओर उलझता जा रहा है। मंगलवार को निष्काम गौ सेवा तन्त्र समिति की ओर से आम सागर पर नारायणी माता मन्दिर में एक बैठक का आयोजन साधु सन्तो के नेतृत्व में किया गया।

सैकड़ो गौ सेवको ने नारायणी माता मन्दिर से एक रैली निकाल कस्बे के मुख्य बाजार होते हुऐ उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। निष्काम गौ सेवा समिति ने अपनी एक सूत्रीय मांग जहां पर गत तीन चार वर्ष पूर्व सवाईचक चरागाह भूमि पर गौ शाला संचालित है। उस भूमि को जिला प्रशासन ने उप जिला चिकित्सालय के लिए चिन्हित किया है, को गलत बताया है। गौ शाला की भूमि को छोड़कर अन्य गौचर भूमि पर प्रस्तावित उप जिला चिकित्सालय का निर्माण करवाए जाने की मांग की। इसी मांग को लेकर निष्काम गो सेवा तंत्र समिति ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पर साधु सन्तो के नेतृव में धरना देकर प्रदर्शन किया। साधु सन्तो ने उपखण्ड प्रशासन से



लिखित में इस बात की मांग को लेकर अड़ गये कि जिस गौचर भूमि पर वर्तमान मे गौशाला संचालित है, उसे हटाया नहीं जाएगा।

उप जिला चिकित्सालय के लिए अन्य गौचर भूमि को चिन्हित किया जाये। गौरतलब होगा की राज्य सरकार ने बजट में टोडारायसिंह उप खण्ड मुख्यालय पर उप जिला चिकित्साल्य की घोषणा की है। तब से ही यह विवाद उपजा है। निष्काम गौ सेवा समिति गौ शाला को अन्यत्र गौचर भूमि पर स्थानान्तरीत करने के पक्ष में नहीं है। इसी को लेकर गत एक माह से प्रशासन एवं निष्काम गौ सेवा समिति के बीच विवाद चल रहा है। कल मंगलवार को निष्काम गौ सेवा समिति एवं साधू सन्त इस बात को लेकर उप खण्ड अधिकारी कार्यालय में धरने पर बैठ गए की उपखण्ड प्रशासन इस बात का लिखित आश्वासन दे कि जिस जगह गौ शाला संचालित हो रही है। उसको वहा से नहीं हटाया जाएगा। उपजिला चिकिल्सालय अन्यत्र बनाया जाएगा। गो सवेक लगातार चार घन्टे तक धरने पर बैठे रहे।

## कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पाटी: यादव

■ संजीवनी टुडे

अलवर। भाजपा मंडल धन्यवाद एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर विधानसभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है की अलवर में भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई। यहां के कार्यकर्ताओं का काम करने का तरीका दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा के कार्यकर्त्ता सभी समाजों व वर्गो से जुड़े हुए हैं। भूपेंद्र यादव ने इस कार्यक्रम में मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस कॉल करा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासनकाल में सामान्य जन के जीवन में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है। कई कानूनों में बदलाव किया गया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई है, राम जन्मभूमि का विवाद शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया और अब भव्य राम मंदिर में लाखों श्रद्धालू दर्शन के लिए जा रहे हैं। वक्फ बोर्ड की जमीनों को बन रहे कानून को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ कानून ला रही है जिसकी



समीक्षा की जा रही है इस कानून लाने का उद्देश्य यह है कि वक्फ की जितनी भी जमीन है उनका बेहतर उपयोग हो सके। सारी प्रॉपर्टी के विवाद को खत्म किया जा सके और यह इस कानून के द्वारा ही संभव है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि वे विगत 14 साल से पार्टी के राष्ट्रीय पदों पर रहे हैं - राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय महामंत्री, 16 राज्यों के चुनाव के प्रभारी और इन सभी पदों पर सिर्फ एक ही बात महसूस की है। जहां-जहां हम कार्यकर्ताओं से संपर्क में रहे हैं, उस राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। जिन राज्यों में कार्यकर्ताओं से संपर्क टूटा, उसी राज्य भाजपा सत्ता से दूर हो गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को निस्वार्थ भाव से ऐसे लोगों ने सींचा जो देश की बात करते थे, जिन्होंने मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया ताकि राष्ट्रीय सेवा का विचार सदैव जीवित रहे। अपने संबोधन में राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उसकी मूल ताकत है। पंचायत से लेकर संसद तक, कोई चुनाव हो या देश में आई हुई कोई भी विपत्ति भाजपा का कार्यकर्त्ता पार्टी और समाज दोनों के साथ सदैव खड़ा रहता है। अलवर शहर में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में इतिहास रचने का कार्य किया है।

अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा की विगत सदस्यता अभियान के अंतर्गत अलवर दक्षिण जिला संपूर्ण राजस्थान में द्वितीय स्थान पर रहा था इस बार कार्यकर्ताओं के बल पर अलवर जिला संपूर्ण राजस्थान के अंदर प्रथम स्थान पर आएगा। कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलवीर छील्लर,पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, संजय सिंह नरूका महापौर घनश्याम गुर्जर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक हरिशंकर खंडेलवाल, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल,जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी शिवलाल मीणा जिला उपाध्यक्ष पंडित जले सिंह, देशराज वर्मा विष्णु शर्मा, रमन गुलाटी,मंत्री ऋषिराज शर्मा, अनु वाल्मीकि, मीना सैनी, प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा, नरेश धानावत, जितेंद्र गोयल, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान,रवि यादव, राजेंद्र सैनी,हरिस अरोड़ा,पूर्व सभापति अशोक खन्ना, सुनीता खांब्रा, शकुंतला सोनी,पार्षद सुमन चौधरी,सीताराम चौधरी,धीरज जैन,लोचन यादव,रमाकांत यादव,सुरेश वाल्मीकि, शीला जांगिड़,सोनू चौधरी, सतीश यादव, पूजा अरोरा, जितेंद्र सैनी महेश नायक, सुनील चौधरी अरुण जैन रविंद्र जैन,महामंत्री राकेश यादव, नरेंद्र राठौर, विजय कोहली,शिखा गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, सोहनलाल सुलानिया,धर्मवीर जाटव सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## फिनडैजलर्स फाइनेंस क्लब ने यूईएम जयपुर में सफल क्विज इवेंट का किया आयोजन



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के फाइनेंस क्लब फिनडैजलर्स ने अपने बहुप्रतीक्षित इंडक्शन इवेंट, नवोदय क्विज प्रतियोगिता की मेजबानी की। नवोदय क्विज़ प्रतियोगिता फ़िनडैज़लर्स कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को क्लब और वित्त की गतिशील दुनिया से परिचित कराना था। प्रतियोगिता ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की टीमों को आकर्षित किया, जिसने वित्त और अर्थशास्त्र में अंतःविषय रुचि को उजागर किया। कुल दस टीमों ने क्विज़ में भाग लिया, और वित्तीय विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। क्विज़ को कई राउंड में संरचित किया गया था, प्रत्येक को प्रतिभागियों के ज्ञान की गहराई और चौड़ाई का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। राउंड में रैपिड-फायर प्रश्न और बहुविकल्पीय खंड शामिल थे, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और चुनौती की परतें जोड़ दीं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, तीन टीमें विजयी हुईं, जिन्होंने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा और प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में नकद पुरस्कार दिए गए।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपये की प्रतिकर राशि मंजूर

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। उदयपुर जिला मजिस्ट्रेट एवं दावा परिनिर्धारण आयुक्त अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपये की प्रतिकर राशि मंजूर की है। उन्होंने बताया कि गत 11 सितंबर 2023 को एक सड़क दुर्घटना में मृतक सेक्टर 11 आलोक स्कूल के पास स्थित अर्जुन नगर निवासी अशोक कुमार चड्डा के आश्रित मृतक की पत्नी श्रीमती कविता चड्डा, पुत्री प्रीति चड्डा व पुत्र कृष्ण चड्डा (प्रत्येक को 50000-50000 को यह प्रतिकर राशि मंजूर की गई है।

### स्कूल में बच्चों से मिले अध्ययन की ली जानकारी



■ संजीवनी टुडे

पाली। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने मंगलवार को जिले के गुंदोज और गुड़ा एंदला में पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां दवाईयो, इलाज, रजिस्टर, मरीजों की संख्या, मौसमी बीमारियों, विभिन्न रजिस्टर संधारण, उपस्थिति, काउन्टर, साफ सफाई आदि की जानकारी ली और वहां मौजूद मरीजों से बात कर उपलब्ध व्यवस्थाओ का फीडबैक लिया और उनके हाल चाल जाने। साथ ही मौके पर मौजूद चिकित्साकर्मीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलक्टर मंत्री ने गुड़ा एंदला में ही सीनियर सैकण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल की विभिन्न व्यवस्थाओं को रजिस्टर का अवलोकन, स्टॉफ की जानकारी लेने के साथ ही क्लास में जाकर पढाई के बारे में जानकारी ली और बच्चों से अध्ययन के सम्बन्ध में रोचक सवाल पूछे और मौके पर मौजूद शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये।

### समाज सेवक बंधु टीम के सर्व सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने विकास नैहडा

■ संजीवनी टुडे

टहला/थानागाजी । समाज सेवक बंधु टीम के सर्व सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष बनाए गए विकास नैहडा का कहना है कि मैं टीम को



आगे बढ़ाने सतत प्रयास करें संगठन को नई दिशा दूंगाऔर शिक्षा और पर्यावरण हमारा प्रमुख उद्देश्य रहेगा। विकास नैहडा ने बताया कि वे विभिन्न संगठनों में पदाधिकारी कि रूप में कार्य कर रहे हैं, नैहडा विकास मंच, नटाटा समग्र विकास परिषद, नैहडा आएएस एकेडमी आदि में।हमारा मुख्य उद्देश्य है कोई भी जरुरतमंद विद्यार्थी शिक्षा से वंचित ना रहे । 03 सितंबर 2024 को टीम का गठन हुए दो वर्ष सफलता पूर्वक सफल हुए और इन दो वर्षो मे टीम हित के लिए प्रति वर्ष टीम को आगे बढ़ाने के लिए सभी साथियों की सहमति से ऑनलाइन मीटिंग मे निर्णय करके नए साथियों को जिम्मेदारी देने का निर्णय किया गया। टीम का कार्यकाल 01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक रहेगा ।मीटिंग मे शामिल साथियों के बहुमत से निर्णय लेकर इन साथियों को जिम्मेदारी दी गई है और टीम मे बजट की समस्या को देखते हुए सितंबर 2024 से सहयोग राशि 100? से बढ़ाकर 200? करने का निर्णय लिया गया है। टीम के अधिकारी इस प्रकार हैं। विकाश नैहड़ा (अध्यक्ष), कमलेश जयराम का बास (उपाध्यक्ष), अशोक हंसमहल (सचिव), ओमप्रकाश भोजवाड़ा ( उपसचिव), ताराचंद रामपुरा का बास व रामकरण बिहारीपुर (सलाहकार), वेदप्रकाश देवडूंगरी (मीडिया प्रभारी)व हरसहाय देवडूंगरी (कोषाध्यक्ष) बनाए गए हैं।

### शहर के पर्यटन स्थलों पर फिर गूंजेंगे थाली-मादल

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष की भांति उदयपुर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मेवाड़ का प्रमुख पारम्परिक जनजातीय नृत्य नाटिका गवरी का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए गवरी दल मुखिया 5 सितंबर तक संस्थान में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। टीआरआई निदेशक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा पारम्परिक जनजाति कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष शहर के प्रमुख स्थलों पर गवरी नृत्य का मंचन कराया जाता रहा है। इस वर्ष सहेलियों की बाड़ी, फतेहसागर पाल एवं भारतीय लोक कला मण्डल में गवरी नृत्यों की प्रस्तुतियां करवायी जायेगी। गवरी कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा सक्सेना ने कहा है कि गवरी कलाकार दल मुखिया का चयन किया जायेगा जो गांव से कलाकारों को उदयपुर लाकर निर्धारित स्थान पर गवरी नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुतियां करवायेगा। संस्थान द्वारा प्रति गवरी सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

# खेलकूद प्रतियोगिता के लिए समतल जमीन नहीं मिलने पर ग्रामीणों खेल मैदान

**8 सितंबर से घोडान कला(बड़गांव) में शुरू होगी 14 व 17 वर्षीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता, कुल 130 से भी अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना**

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले उदयपुर जिले के समस्त उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की 14 वर्षीय (छात्र व छात्रा) तथा 17 वर्षीय छात्र वर्ग की वॉलीबॉल खेल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 सितंबर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घोडान कला(बड़गांव) द्वारा आयोजित करवाई जा रही है। प्रतियोगिता आयोजक स्कूल के प्रधानाचार्य सुंदर सालवी ने बताया कि बड़गांव पंचायत समिति का घोड़ान कला गांव भौगोलिक दृष्टि से अरावली की पहाड़ियों के मध्य बसा हुआ है, यहां विद्यालय के नाम ऐसी समतल जमीन बिल्कुल भी नहीं के बराबर है जहां पर खेल मैदान बनाया जा सके ।लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच, विद्यालय प्रबंधन एवम विकास समिति , ग्रामवासियों तथा विद्यालय स्टाफ के गांव में प्रतियोगिता आयोजित करवाने के जुनून के चलते हैं ग्रामीणों ने आपसी सहयोग व समन्वय बिठाते हुए वॉलीबॉल खेल की जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। शारीरिक शिक्षक व वालीबाल प्रशिक्षक नरेश पालीवाल ने बताया कि सबसे पहली समस्या खेल मैदान बनाने के लिए समतल जमीन की आई तब विद्यालय से कुछ ही दूरी पर विद्यालय के नाम दर्ज लेकिन पथरीली व ऊबड़ खाबड़ जमीन जहां पर बबुल एवं अन्य कंटीली झाड़ियां थी वहां पर ग्राम पंचायत के सहयोग से साफ सफाई करवाई गई और जेसीबी के माध्यम से पहाड़ी की कटिंग कर जमीन का समतलीकरण एवं आवश्यक स्थान पर मिट्टी डालकर दो खेल मैदान बनाने का निर्णय किया । इस स्थान से कुछ ही दूरी पर नीचे की ओर ढलान में पूर्व में काटी गई एक पहाड़ी से समतल हुई जमीन को



खेल मैदान के योग्य बनाने के लिए पर्याप्त स्थान निकालने के लिए उसे लगती हुई पहाड़ी को जेसीबी मशीनों की सहायता से कटिंग कर ट्रैक्टर के माध्यम से उसे मिट्टी को हटा कर अन्य स्थान पर बने गडों में भराव कर समतलीकरण का कार्य किया गया। विद्यालय , ग्राम पंचायत के सरपंच सहित विद्यालय प्रबंधन एवम विकास समिति एवं सभी ग्रामवासियों द्वारा इसमें पूर्ण रुचि लेते हुए जेसीबी ट्रैक्टर आदि मशीनों की व्यवस्था करवा खेल मैदाने के लिए जमीन समतलीकरण कार्य पूर्ण किया । इस प्रकार कुल पांच खेल मैदान बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। 8 से 12 सितंबर तक आयोजित होने वाले वॉलीबॉल टूर्नामेंट में राजकीय उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्रा-छात्र एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों की 17 वर्ष छात्र वर्ग सहित कुल 130 से भी अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना है। सभी टीमों के लिए ठहरने की व्यवस्था एवं तीनों आयु वर्ग के लिए अलग-अलग खेल मैदान बनाए गए हैं, जहां पर छात्र-छात्राएं अपना प्रदर्शन करेंगे । प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न प्रकार की समितियां गठित की गई है । पंजीयन कार्य समिति, कार्यालय कार्य समिति,उद्घाटन समारोह व्यवस्था समिति ,मंच व्यवस्था , संचालन समिति, आवास व्यवस्था समिती ,भोजन व्यवस्था सहित अनेक कार्यो का दायित्व अलग-अलग समितियां बना उनमें अधिकारियों एवं कार्मिकों की नियुक्ति कर जिम्मेदारी सौंप गई है। पूरे गांव में इस खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर के एक त्यौहार जैसा माहौल है। ग्रामवासी नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के स्वागत और सेवा के लिए जोर- शोर से तैयारी कर रहे हैं। पहाड़ी वाली जमीन स्कूल के नाम ही दर्ज है। कुल राशि 5 लाख से अधिक खर्च हो चुकी है जो पंचायत, ग्रामवासी, कुछ भामाशाह, दानदाता ,स्वयं शारीरिक शिक्षक नरेश पालीवाल एवम आंशिक सहयोग विद्यालय स्टाफ द्वारा किया जाकर खर्च की गई हैं। सिर्फ खेल मैदान के लिए ही ये खर्चा किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता का खर्च अलग से पंचायत,ग्राम वासियों एवं जन सहयोग से किया जाएगा , आयोजक स्कूल के शारीरिक शिक्षक नरेश पालीवाल ने बताया कि पूर्व में 31 अगस्त को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता एन वक्त पर अपरिहार्य कारणों से निदेशालय बीकानेर द्वारा आगे बढ़ा दी गई थी।

# संस्था प्रधानों की सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी का शुभारंभ

■ संजीवनी टुडे

### विद्यालयों में शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के लिए हों समन्वित प्रयासः सांसद




उदयपुर। ब्लॉक गिर्वा और उदयपुर शहर के सभी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी का शुभारंभ मंगलवार को राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरजपोल में सांसद डॉ मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा तथा समाजसेवी तख्तसिंह शक्तावत रहे। अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्वा कुंज बिहारी भारद्वाज ने की। प्रारंभ में वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल सहित कार्यकारिणी और स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान चेतन पानेरी ने अतिथियों का स्वागत किया। वाकपीठ उपाध्यक्ष मुकेश पंड्या ने विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना प्रस्तुत की। साथ ही वाकपीठ का परिचय प्रस्तुत किया। सीबीईओ भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन देते हुए समस्त प्रधानाचार्य को विभागीय एवं कार्यालयी अपेक्षाओं को पूर्ण निष्ठा से करने एवम् विद्यार्थी हित में कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य अतिथि सांसद डॉ रावत ने कहा कि प्रधानाचार्य का पद महत्वपूर्ण होता है वे समाज को संस्कारित करने का कार्य करते हैं। इस प्रकार की वाकपीठ ऊर्ज़ा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं उनमें शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उदयपुर ग्रामीण विधायक मीणा ने कहा कि जिस प्रकार मिट्टी के कई प्रकार के पात्र बनाए जा सकते हैं उसी प्रकार शिक्षक विद्यालय के बच्चों में विभिन्न कौशल विकसित कर उन्हें विभिन्न पदों पर आसीन कर सकता है। उदयपुर शहर विधायक जैन ने कहा कि विद्यालयों के भौतिक विकास पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने संसाधनों की पूर्ति के लिए आश्वस्त करते हुए परीक्षा परिणाम की श्रेष्ठता को सर्वापरि बताया। वाक्पीठ के प्रथम दिन अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ बाल गोपाल शर्मा ने पीईईओ विद्यालय का प्रबंधन, डाइट व्याख्याता हरिदत्त शर्मा ने विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण हेतु विद्यालय की भूमिका, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट दीपिका मीणा ने कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों हेतु मानसिक संबलन विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। मीडिया प्रमुख किरण बाला जीनगर ने बताया कि वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल ने वाकपीठ के उद्देश्य को विस्तृत रूप से व्यक्त करते हुए कई नैतिक दायित्वों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, गिर्वा विनोद शर्मा ने वीसी के मुख्य बिंदु रखे। वाकपीठ कोषाध्यक्ष विद्या गौड़, चुनाव अधिकारी दिलीप जैन, देशपाल सिंह शेखावत, मोहन मेघवाल, महेंद्र सिंह, मोहम्मद अंसार, राजेश सैनिक सहित बड़ी संख्या में संस्थाप्रधान मौजूद रहे।

# इठलाते मेघों का 'मंगल'गान, भादवे की झमाझम से मुस्कराई झीलों की नगरी

■ संजीवनी टुडे

### सभी जलाशय लबालब, कलक्टर पोसवाल ने किया उदयसागर का दौरा

उदयपुर। सावन के सूखे गुजरने के बाद भाद्रपद माह में मानसून के परवान चढ़ते ही मंगलवार का दिन लेकसिटी के लिए मंगलमय रहा। अल सुबह से ही गरजते इठलाते मेघों ने खूब शोर मचाया और मंगलगान करते हुए जमकर मेहर बरसाई। मध्यम से तेज गति से हुई इस बरसात से झीलों की नगरी मुस्कराती हुई दिखी। बरसात का आलम यह रहा कि मध्याह्न पूर्व तक उदयपुर के प्रमुख जलाशय यथा पिछोला, स्वरूप सागर, थूर की पाल, छोटा मदार, बेदला एनिकट आदि लबालब हो गये। पिछोला से स्वरूप सागर के मार्ग से आयड़ होकर उदयसागर पहुंचने वाली जलराशि को देखने शहरवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इधर, भारी बरसात और लबालब हो रहे



जलाशयों को देखते हुए जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने उदय सागर का दौरा किया और उदयसागर का गेट खोलने के बाद बहती जलराशि के साथ झील में जल आवक और निकासी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां उदयसागर पाल की विजिट कर पास बने पार्क के सौंदर्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, झीलों के समीप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने आदि के बारे में निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता भी साथ रहे। कलक्टर ने आमजन से भी आह्वान किया कि चहुंओर नदी-नाले पूर्ण वेग से बह रहे हैं ऐसे में कोई भी व्यक्ति बहते हुए पानी में न तो स्वयं उतरे और न ही किसी भी वाहन को उतारें। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने और पूर्ण सतर्कता के साथ स्वयं का ध्यान रखने का आह्वान भी किया है।

# विशेष योग्यजन परिक्षण शिविर झल्लारा का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। जिला कलक्टर ने कहा है कि विशेष योग्यजन के प्रति आमजन सद्भावी बनें तथा उन्हें सहयोग प्रदान करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ें। झल्लारा पंचायत समिति में आयोजित विशेष योग्यजन परिक्षण शिविर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सभी विशेष योग्यजन से कहा कि वे शरीर से विशेष योग्यजन हो सकते है, लेकिन मन से सशक्त हैं। वे सब स्वाभीमानी बनकर जीएं तथा निःशक्तता से मुकाबला करें। उन्होंने परिजनो से भी आग्रह किया कि वे ऐसे विशेष योग्यजन को मन से ढ़ाढस दिलाए तथा उन्हें आगे बढ़ने की सोच पैदा करें। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि विशेष योग्यजन परीक्षण शिविर का 2 सितंबर से हुआ है जो 7 सितंबर तक जिले की प्रत्येक पंचायत समिति परिसर में चलेगा। इस दौरान विशेष योग्यजन को यूआईडी कार्ड और आवश्यक दस्तावेज साथ में लाने हे और सहायक उपकरण के लिए अपना पंजीयन कराना है जिससे अभियान के अगले चरण में चिन्हित व्यक्तियों को कृत्रिम उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर के दुसरे दिन 150 विशेष योग्यजन को चिंहित किया गया और विशेष योग्यजन को निशुल्क सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, कालुराम मीणा,सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सलूंबर ममता जाखड़, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण, विशेष योग्यजन एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन अभियान शुरू, उदयपुर के हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होगी कृषक संगोष्ठी

■ संजीवनी टुडे

### खेत की सेहत का रखने ध्यान, पोषक तत्वों का प्रबंधन सीखेंगे किसान

उदयपुर। खेत की मिट्टी की सेहत बनाए रखना अति आवश्यक है, ताकि मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनी रहे और उत्पादन भी अच्छा हो। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खेतों में उर्वरकों के उपयोग के दौरान पोषक तत्वों के संतुलन के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक संगोष्ठियां होंगी। मानसून की अच्छी वर्षा के चलते बांधों/जलाशयों/फार्म पौण्ड्स में पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में रबी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना है। बुवाई के समय किसानों द्वारा फॉस्फ़ेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के उपयोग का प्रचलन अधिक है। कृषकों का फॉस्फ़ेटिक उर्वरक के रूप में केवल डीएपी पर अधिक निर्भर होने के कारण मांग के अनुरूप डीएपी उपलब्ध कराने में कठिनाई आती है एवं भूमि में संतुलित पोषक तत्वों की भी आपूर्ति नहीं



होती है। समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के उद्देश्य से उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जिलेभर में 2 सितंबर से अभियान प्रारंभ किया गया है जो आगामी 15 सितम्बर तक चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक गोष्ठी/शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। क्षेत्र के थोक एवं खुदरा आदान विक्रेताओं, उर्वरक विनिर्माता/आपूर्तिकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति और सहयोग से होने वाले इन शिविरों में क्षेत्र के अधिकाधिक कृषकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसमें प्रगतिशील किसान और महिला कृषक भी शामिल होंगे। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### कृषकों को बताएंगे, कैसे रखें खेत की सेहत का ध्यान

शिविर में कृषकों को खेत की सेहत का ध्यान रखने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसमें बुवाई के समय डीएपी के विकल्प के रूप में 1 बैग डीएपी के स्थान पर 3 बैग सिंगल सुपर फास्फ़ेट (एसएसपी) व 1 बैग यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही सिंगल सुपर फास्फ़ेट में उपलब्ध फॉस्फोरस तत्व के अलावा अन्य आवश्यक पोषक तत्व यथा सल्फर, जिंक, बोरोन आदि की उपलब्धता के संबंध में कृषकों को अवगत करवाया जाएगा। 3 बैग सिंगल सुपर फास्फ़ेट एवं 1 बैग यूरिया में उपलब्ध पोषक तत्वों की लागत डीएपी में उपलब्ध पोषक तत्वों की लागत से कम होने, वर्तमान में उपयोग हो रहे उर्वरकों से एनपीके के आदर्श अनुपात 4:2:1 का असंतुलन होने, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखने एवं उर्वरकों के उपयोग में मुख्य पोषक तत्वों अर्थात एनपीके का अनुपात 4:2:1 बनाये रखने हेतु डीएपी के स्थान पर एसएसपी यूरिया के अलावा एनपीके कॉम्पलैक्स उर्वरक के विभिन्न ग्रेड्स का उपयोग किए जाने आदि के संबंध में भी कृषकों को जागरूक किया जाएगा।

इसके अलावा रसायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भारत सरकार स्तर से उर्वरकों पर देय अनुदान के वित्तीय भार एवं भूमि की उर्वरता पर विपरीत प्रभाव के मध्यनजर भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई पी.एम. प्रणाम योजना की भी जानकारी दी जाएगी। भूमि की उर्वरा शक्ति बढाये जाने के लिए कार्बनिक खाद यथा-गोबर खाद, कम्पोस्ट खाद, वर्मी कम्पोस्ट, खली, प्रोम, फोम, एलफोम, ओर्गेनिक मैन्योर इत्यादि का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उर्वरकों की लागत को कम करने एवं भूमि की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन बढ़ाने में सहायक न्यू ऐज तरल उर्वरक नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के अधिक से अधिक उपयोग पर जानकारी दी जाएगी। कृषकों के खेतों से मिट्टी नमूनों की जांच के आधार पर बनाये गये मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार भूमि में उर्वरकों के उपयोग के संबंध में कृषकों को सलाह दी जाएगी।

# जिला स्तरीय बैठक में जिला कलक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र हो मरम्मत व पेचवर्क कार्यः जिला कलक्टर**

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषण सहित विकास कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणा की क्रियानविति के संबंध में कार्य प्रारम्भ करने व भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्रता से पूरी करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर परिषद एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल दुरस्त करवाने के निर्देश दिए। विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि संबंधित सूचनाएं भी पोर्टल पर अपडेट की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न योजनाओं में आवंटित लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिला और उपखण्ड स्तरीय अधिकारी आवंटित लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने



कहा कि अधिकारी योजनाओं में वांछित प्रगति लाने के लिये गंभीरतापूर्वक कार्य करे और नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी करें।

आयुष्मान कार्ड वितरण और ई-केवाईसी जल्द करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए और उन्होंने वर्षा जनित फंगस, डायरिया, मलेरिया, डेंगू जैसी गम्भीर बीमारियों से आमजन के बचाव हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी बुनकर को नियमित रूप से फोगिंग करवाने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी को सभी पशु चिकित्सालय में पशुओं के उपचार हेतु आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ मौसमी बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा के लिए टीकाकरण में गति लाने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार से मानसून के दौरान जिले में अब तक किए गए पौधारोपण की जानकारी प्राप्त करते हुए लगाए गए पौधों की उचित देख-रेख सार संभाल सुनिश्चित करवाने निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने जिले के प्रमुख बांधों, रपटो व एनिकटों पर चैतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारी को प्रदान किए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी बांधों में जलभराव की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगामी जिला स्तरीय जनसुनवाई से पूर्व लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बजट घोषणाओं की क्रियानविति और विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना करते हुए संबंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार, जीवन राम मीणा डीओआईटी, डॉ जेपी बुनकर सीएमएचओ, हेमन्त खटीक जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रवीण एलडीएम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छः गैरसायलों को गुण्डा घोषित करते हुए जिले से किया निष्कासित

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निवासरत असामाजिक तत्वों के जुआ सट्टा, मारपीट, चोरी, नकबजनी, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट संबंधी अवैध कृत्य करने तथा समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 03, राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 के तहत कार्यवाही करने हेतु इस्तगासा प्रस्तुत करने पर न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़ में प्रकरणों को दर्ज रजिस्टर किया जाकर उसमें विधिवत सुनवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार द्वारा अलग-अलग कुल 06 प्रकरणों में गैरसायलों को गुण्डा घोषित करते हुए जिले से 15 दिवस की अवधि के लिए निष्काषित करने के आदेश पारित किये। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार द्वारा तिन गैरसायलान को अपने आप को जिले से निष्काषित करते हुए 15 दिवस की निष्कासन अवधि में भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ पुलिस थाने पर तथा दो ग़ैरसायल भीलवाड़ा जिले के कारोई थाने पर तथा एक गैरसायल भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाने पर नियमित अपनी उपस्थिति देते रहेंगे।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# योगी भ्रष्टाचार रोकने को सख्त कदम उठा रहे हैं, पर अफसरशाही पूरा साथ नहीं दे रही



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्ट नौकरशाही और कामचोर पुलिस वालों पर नियंत्रण करने में संघर्ष करती नजर आ रही है जिससे कई मोर्चों पर सरकार की फजीहत हो रही है। एक तरफ सरकारी सिस्टम में खामियों के चलते जनता प्रलाप कर रही है तो दूसरी ओर प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। यह स्थिति तब है जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की राह पर चलते हुए बीते करीब साढ़े तीन साल में कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं। चाहे नौकरशाह हों या पुलिस वाले अथवा डॉक्टर-इंजीनियर, भ्रष्टाचार सामने आने पर सभी कार्रवाई की चपेट में आ रहे हैं। आज की तारीख में ऐसे लोगों की संख्या 800 के करीब तक पहुंच गई है। योगी सरकार द्वारा पूर्ववर्ती सरकारों के समय सत्ता के रसूख में दबा दिए गए पुराने मामलों को तो खंगाला ही गया, घोटाले में शामिल रहे लोगों की पेंशन तक रोकी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के खिलाफ चौतरफा वार कर रहे हैं। यह अहसास तब और मजबूत हो गया जब उन्होंने भ्रष्टाचार के चलते निलंबित किए गए प्रयागराज के एसएसपी अभिषेक दीक्षित और महोबा के एसपी मणिलाल पाटीदार की संपत्ति की विजिलेंस जांच के आदेश दे दिए। दोनों अधिकारियों पर जिलों में थानेदारों की तैनाती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर धन उगाही के आरोप हैं। इसी प्रकार कोरोना काल में कुछ जिलों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के नाम पर ऑक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर की अनाप-शनाप कीमत पर खरीददारी में भ्रष्टाचार की बू आते ही सीएम ने जांच बैठाने में देरी नहीं की। एसआईटी गठित करके दस दिन में दोषियों के बारे में रिपोर्ट देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को अमली जामा पहनाने हुए शाहजहांपुर में डिप्टी आरटीओ के कार्यालय में छापा मारकर चर लाख रूपए नकद बरामद किए गए साथ ही 15 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी भी की गई। राज्य सरकार विकास प्राधिकरणों में होने वाली धांधली को रोकने के लिए जल्द ही कुछ नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसमें विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद में होने वाले बड़े कामों की 'थर्ड पार्टी' से जांच की तैयारी की जा रही है।

वैसे सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के निलंबन और जांच का सिलसिला कोई नया नहीं है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में योगी सरकार अलग-अलग विभागों के 325 से ज्यादा अफसरों और कर्मचारियों को निलंबन और डिमोशन जैसे दंड दिए। इसमें ऊर्जा, गृह, परिवहन, राजस्व, बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी, श्रम, संस्थागत वित्त, कमर्शियल टैक्स, मनोरंजन कर, ग्राम्य विकास विभाग और वन विभाग के तमाम अधिकारी शामिल हैं। इसी प्रकार कुछ दिनों पूर्व योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए सात पीपीएस अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की थी। सभी पीपीएस अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। ग्राम विकास अधिकारी पद पर नियुक्ति में नियमों की अवहेलना करने वाले बदायूं, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी एवं कासगंज के जिला विकास अधिकारियों को निलंबित किया गया है। यही नहीं, 44 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के आरोपी लोकनिर्माण विभाग के बस्ती में तैनात रहे अधिशासी अभियंता को बर्खास्त कर दिया गया है। पर्यटन विभाग, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने पर लखनऊ के पूर्व मुख्य लेखाधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया गया है। मेरठ विवि के पूर्व कुलपति, कुलसचिव के विरूद्ध अभियोग चलाने की स्वीकृति दी गई। उन पर अनियमितता की धाराओं में अभियोग चलेगा। नरेंद्र देव कृषि विवि, कुमारगंज, फैजाबाद के पूर्व कुलपति पर अभियोग दर्ज की स्वीकृति दी गई। वहीं परफार्मेंस ग्रांट मामले में भी सख्त कदम उठाते हुए योगी सरकार ने पूर्व निदेशक पंचायतीराज को पद पर रहते हुए भारत सरकार की गाइडलाइन व शासनादेशों की अनदेखी कर अपात्र ग्राम पंचायतों को परफॉर्मेंस ग्रांट प्रदान करने के प्रकरण में केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक स्तर के एक अधिकारी को अनुशासिक जांच में दोषी पाए जाने पर सेवा के मूल पर पदावनत कर दिया गया। बात उन दो निलंबित आईपीएस अधिकारियों की करें जिनकी संपत्ति की जांच विजिलेंस से कराने का आदेश योगी सरकार द्वारा दिया गया है तो, विजलेंस जांच की बात सामने आने से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# आधुनिक जीवनशैली पहुंचा रही हृदय को आघात



आज के आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य का जीवन चक्र ही बिगाड़ दिया है जिसका गंभीर परिणाम मनुष्य के स्वास्थ्य पर हो रहा है, अनिद्रा, जंक फूड, धूम्रपान, अल्कोहोल, तनाव, खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी, यांत्रिक संसाधनों का अत्यधिक प्रयोग, प्रकृति से दूरी, प्रदूषण, बढ़ता वजन, आलस्य जैसी बातें मनुष्य को कमजोर बना रही है। मानव का शरीर और मन दोनों पर तनाव लगातार दबाव बना रहा है जिसके कारण बीमारियों का जाल बढ़ता जा रहा है। लोगों में पहले बीमारियां उम्र के हिसाब से दिखायी पडती थी लेकिन अब जीवनशैली के बदलाव के कारण किसी भी उम्र में कोई भी गंभीर बीमारी होने लगी है। इसी में प्रमुखता से बढ़ने वाली बीमारियों में हृदय रोग है, जो तेजी से विश्वभर में अत्यधिक असमय मौतों का कारण है। हृदय लगातार रक्त पंप कर पूरे शरीर में ऑक्सीजन युक्त रक्त को पहुँचाता है, परंतु कार्य करते वक्त कोई असामान्य व्यवधान उत्पन्न होता है, जो हृदय की मांसपेशियों और रक्त नलिकाओं की दीवार को प्रभावित करती है, तब उसे हृदय रोग कहा जा सकता है। हृदयघात के रोगियों में से 50 फीसदी मरीज तो अस्पताल जाने से पहले ही दम तोड़ देते है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज, कार्डियोमायोपैथी, एथेरोस्क्लेरोसिस, हार्ट संक्रमण, जन्मजात हार्ट डिजीज यह सभी हृदय संबंधित बीमारी है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड् ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि भारत में वर्ष 2014 के बाद हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या बढ़ी है। 2016 में 21,914 लोगों ने हार्ट अटैक के कारण जान गंवाई, 2017 में मरने वालों की संख्या 23,249 रही, 2018 में 25,764 और 2019 में 28,005 लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई। अधिकतर हमारे देश में घरों में होने वाले हृदय संबंधी मौत के केसेस परिवार के सदस्य योग्य कारण सहित दर्ज नहीं करवाते है इसलिए मौत के आंकड़े हकीकत में कहीं ज्यादा हो सकते है। भारत में अब हर 04 बीमारी से मरने वाली मौतों में एक मौत हार्ट अटैक से होती है एनसीआरबी की रिपोर्ट कहती है कि ये बीमारी अब हर 14-18, 18-30, 30-34 आयु वर्ग में भी खूब बढ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में बीमारियों की वजह से होने वाली मौतों में सबसे बड़ा हिस्सा हृदय रोग (कार्डियोवास्कुलर डिजीज) का होता है। वर्ल्ड हार्ट फ़ेडरेशन के अनुसार हर साल 17.9 मिलियन यानि करीब 02 करोड़ लोग मरते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हृदय रोग से हर 36 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। हर साल लगभग 6,55,000 अमेरिकी हृदय रोग से जान गंवाते हैं। भारत में भी पिछले एक दशक में इस बीमार के शिकार लोगों में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक, भारत में होने वाले कुल हार्ट अटैक का 50 प्रतिशत 50 से कम उम्र और 25 प्रतिशत 40 से कम उम्र के लोगों में होता है। छाती में दर्द, सांस फूलना, घबराहट, जी मिचलाना, पेट दर्द, पसीना आना, अनियमित दिल की धड़कन, घुटन की अनुभूति, सूजे हुए टखने, थकान, हाथ, जबड़े, पीठ या पैर में दर्द जैसे लक्षण दिल के दौरे का संकेत दे सकते है। हृदय रोग (सीवीडी) विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2019 में सीवीडी से अनुमानित 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जो सभी वैश्विक मौतों का 32 प्रतिशत है। इनमें से 85 फीसदी मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक के कारण हुईं। सीवीडी से होने वाली मौतों के तीन चौथाई से अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होते हैं। 2019 में गैर-संचारी रोगों के कारण 1.7 करोड़ अकाल मृत्यु (70 वर्ष से कम आयु) में से 38 प्रतिशत सीवीडी के कारण हुई। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना आवश्यक है ताकि उचित सलाह और दवाओं के साथ इलाज शुरू हो सके। तंबाकू के उपयोग, अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता और शराब के हानिकारक उपयोग जैसे व्यवहार संबंधी जोखिम कारकों से जागरूकता द्वारा अधिकांश हृदय रोगों को रोका जा सकता है। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से, बीमारियों, प्राथमिक चिकित्सा, निर्देशिका सेवाओं, स्वास्थ्य कार्यक्रमों, नीतियों, कानूनों और दिशानिर्देशों के विभिन्न मुद्दों से संबंधित प्रश्नों के समाधान के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक वॉयस पोर्टल बनाया गया है। उपयोगकर्ताओं को एक टोल फ्री नंबर (1800-180-1104) डायल कर उस जानकारी के बारे में बोलना होगा जो वे चाह रहे हैं - जैसे, बीमारी का नाम। यह उन्नत प्रणाली उपयोगकर्ता की इनपुट आवाज को पहचानने में सक्षम है। वर्तमान में जानकारी 5 भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, बांग्ला और गुजराती में उपलब्ध है, लेकिन भविष्य में और अधिक भारतीय भाषाओं को शामिल किया जाएगा।

बहुत बार बेहोश रोगी को तत्काल कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देने की आवश्यकता पडती है, यह एक आपातकालीन स्थिति की चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिससे शरीर में पहले से मौजूद खून पुनः संचारित होने लगता है जिससे किसी की जान बचाना संभव होता है। बहुत बार दिल का दौरा पड़ने पर जब तक चिकित्सा सेवा उपलब्ध न हो जाये तब तक लोग असहाय होकर क्या करना है यह नहीं जानते। ऐसे में सीपीआर का जानकार व्यक्ति प्राथमिक चिकित्सा के तौर पर जागरूक रहकर सीपीआर के द्वारा किसी का जीवन बचाने में मदद करने के लिए अधिक सशक्त साबित हो सकता है। एम्बुलेंस के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 या 102 पर कॉल करें अन्यथा नजदीकी अस्पताल को कॉल कर सकते है। स्वास्थ्य शिक्षा और हृदय रोगों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, धूम्रपान और तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करना और स्वस्थ आहार और व्यायाम दिनचर्या को अपनाना बेहतर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा। नमक का सेवन कम हो, खाने में तेल का उपयोग भी कम होना चाहिए, उच्च वसा वाले डेयरी, कार्बोहाइड्रेट, संतृप्त वसा को कम करने और फलों, हरी सब्जियों का दैनिक सेवन बढ़ाने से भी समग्र स्वास्थ्य में सुधार होगा। उच्च रक्तचाप और मधुमेह पर नियंत्रण बनाए रखें, नियमित रूप से चलने, योग और ध्यान जैसी स्वस्थ व्यायाम गतिविधियों को बढ़ावा देने से निश्चित रूप से हृदय रोग की बढ़ती बीमारी को रोकने में मदद मिलेगी। अर्थात एक स्वस्थ जीवन शैली, संतुलित आहार और नियमित शारीरिक व्यायाम बचपन से ही शुरू कर देना चाहिए। निम्न और मध्यम आय वाले देश वैश्विक बोझ का लगभग 80 प्रतिशत वहन करते हैं। एशियाई भारतीयों में हृदय रोगों से जुड़ी मृत्यु दर किसी भी अन्य आबादी की तुलना में 20-50 प्रतिशत अधिक है इसलिए, उभरती हुई महामारी में जोखिम कारकों की भूमिका को स्पष्ट रूप से समझने और उनके प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रयासों को सक्रिय रूप से अमल में लाने की आवश्यकता है। आजकल खाद्य पदार्थों में मिलावट आम बात हो गई है, ऐसा ही प्रतीत होता है। त्योहारों में तो यह समस्या अत्यधिक बढ जाती है। जानलेवा रसायन का खाद्य पदार्थों में उपयोग, बासी व निम्न दर्जे के खाद्यपदार्थ बेचे जाते है। अक्सर बाहर मिलने वाले खाद्य पदार्थ नमक, तेल, मसाले, शक्कर, वसा से भरपूर सेहत के लिए हानिकारक होते है, जो सिर्फ जुबान को स्वाद देकर स्वास्थ्य को नुकसान करते है क्योंकि इनमें आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी होती है।

### विचार बिन्दु

**खाद्य पदार्थ, तेल में तलने के बाद बचे हुए तेल को बार-बार खाने में उपयोग स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक घातक है और ऐसे तेल से निर्मित खाद्य पदार्थ बेचना भी कानूनन जुर्म है जिस पर प्रशासन के खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है, क्योंकि यह तेल सीधे हृदय रोग के साथ कैंसर, जैसे अनेक जानलेवा बीमारी को बढ़ाता है इस नियम का विशेष रूप से खाद्य पदार्थ विक्रेताओं द्वारा कड़ाई से पालन होना चाहीये। स्वाद के मोह में हमारी चटोरी जुबान हमारे लिए सबसे ज्यादा घातक है, खान-पान संबंधी खाद्य पदार्थों का चयन स्वास्थ्य के हिसाब से करें।**



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# शारदीय नवरात्र में पूजा सामग्री की इस प्रकार करें खरीददारी



नवरात्र के नौ दिनों में देवी को भोग लगाने की विशेष व्यवस्था करें। देवी मां को भोग लगाकर लोगों में प्रसाद बांटें। प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई, फूलदाना, मेवा, फल, के साथ ही आप मिस्त्री, इलायची, लौंग और मखाना भी लेना चाहिए। शारदीय नवरात्र शुरू होने वाला है आपने देवी के स्वागत की तैयारियां तो कर ली होंगी। अगर अभी तैयारी नहीं की है तो आइए हम आपकी मदद करते हैं। आइए हम आपको भगवती की आराधना से जुड़ी सामग्रियों के बारे में बताते हैं ताकि मां दुर्गा की अर्चना अधूरी न रह जाए।

मां दुर्गा की प्रतिमा तो पहले से घर में मौजूद होगी लेकिन अगर आप नयी प्रतिमा लाते हैं तो आपके लिए बेहतर होगा। इसलिए आप पूजा का सामान खरीदते समय देवी की नयी मूर्ति या फोटो जरूर खरीदें। साथ ही ध्यान रखें कि मूर्ति मिट्टी की बनी हो। कलश स्थापना की तैयारी आप पहले कर लें क्योंकि नवरात्र प्रारम्भ होने पर पहले ही दिन कलश स्थापित किया जाता है। इसके लिए मिट्टी का कलश, मिट्टी का कटोरा और साफ मिट्टी खरीदें। साथ ही रोली, कपूर, रक्षा सूत्र और लौंग इलायची भी लें। इसके अलावा अक्षत, सुपारी, आम के पत्ते, नारियल, फल-फूल और पान के पत्ते भी खरीदें।देवी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सदैव एक आसन की व्यवस्था करें। इसके लिए बाजार से लकड़ी की छोटी चौकी खरीद लें। उसके बाद चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछा दें। देवी को लाल रंग बहुत प्रिय है इसलिए लाल कपड़े का चुनाव करें।

नवरात्र की पूजा में अखंड ज्योति का खास महत्व होता है। यह ऐसी ज्योति होती है जो नौ दिन चौबीस घंटे जलती है इसलिए किसी तैयारी में कोई कमी न छोड़े। इसके लिए आप मिट्टी का दिया या पीतल का बड़ा दीपक, बाती और शुद्ध देशी घी खरीदें। हवन के लिए सबसे पहले हवन कुंड खरीद लें। इसके अलावा पांच मेवा, कपूर, सुपारी, गुग्गुल, घी, रोजाना लौंग के 9 जोड़े, चावल, लोबान इत्यादि भी तैयार रखें।

दुर्गा मां को केवल चुनरी नहीं चढ़ाएं बल्कि उसके साथ कुछ और सामान भी अर्पित करें। चुनरी के साथ देवी को सुहाग का सामान भी चढ़ाएं। सुहाग के सामान में सिंदूर, महावर, नारियल, फल, पंचमेवा और मिठाई चढ़ाने से देवी खुश होती हैं और आशीष देती है। साथ ही लाल चूड़ियां, मेहंदी, कुमकुम और आलता भी चढ़ा सकते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में देवी को भोग लगाने की विशेष व्यवस्था करें। देवी मां को भोग लगाकर लोगों में प्रसाद बांटें। प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई, फूलदाना, मेवा, फल, के साथ ही आप मिस्त्री, इलायची, लौंग और मखाना भी लेना चाहिए।नवरात्र के बाद अष्टमी या नवमी को कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर नवरात्र का समापन किया जाता है। कन्याओं को भोजन कराकर दान दिया जाता है इसे भारत के कुछ इलाकों में कंचक भी कहा जाता है। इसलिए इस अवसर की विशेष तैयारी करें। इसके लिए कपड़े, खाने की प्लेट और लड़कियों को देने के लिए उपहार खरीदें।




## 04 सितम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1564 महान् खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म।
1677 इंग्लैंड नरेश चार्ल्स द्वितीय ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ डचों से गठबंधन किया।
1763 प्रसिया और आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई।
1764 अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हुई।
1798 फ़्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
1806 फ़्रैंको, प्रसियन संधि के बाद प्रसिया ने ब्रिटिश जहाज़ों के लिए अपने बंदरगाह बंद किये।
1890 अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया।
1906 ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
1909 एकापुल्को मैक्सिको में फ़्लोरेंस सिनेमागृह में आग से 250 लोगों की मृत्यु।
1926 अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत।
1942 द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ व जापानी बलों द्वारा एक हमले के बाद, ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी हो गये।
1944 ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
1961 बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत।
1962 अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।

# नया घर बनाते समय पेड़ों का संरक्षण कैसे करें

### विचार बिन्दु




**विजय गर्ग**

**बैंगलोर सिटी में, एमजी रोड पर पेड़ों को सावधानी से ग्राफ्ट किया गया और दूसरी जगह ले जाया गया। पेड़ सावधानी से लगाए और उगाए गए।**


इन दिनों हमारे चारों ओर जोरदार विकास हो रहा है। हम हर जगह नए भवन निर्माण देखते हैं। क्या आप जानते हैं कि हर घर के निर्माण में कम से कम एक पूर्ण विकसित पेड़ काटा जाता है? नया घर बनाते समय पेड़ों के संरक्षण पर कुछ विचार अवश्य करें। हमें पेड़ों का संरक्षण क्यों करना चाहिए? पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने के अलावा, अनगिनत तरीकों से पर्यावरण के लिए अच्छे हैं। यह हमारे घर में कूलिंग एजेंट के रूप में काम कर सकता है जो हमें बहुत सारा पैसा बचाने में मदद करेगा। पेड़ ओजोन रिक्तीकरण को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि यह वायु और भूमि से प्रदूषकों को अवशोषित करते हैं। इसकी जड़ मिट्टी को जगह पर रखती है जो भूस्खलन को कम करती है, मिट्टी के कटाव और अपवाह को रोकती है। यह मानते हुए कि पेड़ों को बचाने और संरक्षित करने के लिए आपको समझाने के लिए ये पर्याप्त कारण हैं, मैं एक नया घर बनाते समय उन्हें बचाने के तरीकों पर आगे बढ़ूंगा। पेड़ों के विकास और उन्हें बचाने के कई तरीके हैं जो साथ-साथ चलते हैं। आपको कुछ प्रयास, समय और पैसा देना पड़ सकता है लेकिन यह इतना मायने नहीं रखता अगर आप वास्तव में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और आने वाली पीढ़ी की परवाह करते हैं। हमें एक ऐसी आदत बनाने की जरूरत है जो प्रकृति के प्रति अधिक जागरूक हो। पूर्ण विकसित पेड़ों को काटने के बजाय उनके आसपास घर बनाना क्या आपने कभी घर के बीच में पेड़ उगते हुए या बालकनी या छत में पेड़ों के लिए बने छिद्र को देखा है? मैं एक पीजी में रहता था जहां एक बालकनी के बीच में एक नारियल का पेड़ उगता है। इस प्रकार के घरों के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसकी छाया और गर्म गर्मी के दौरान तापमान होता है। उस स्थान के पूर्वजों ने नारियल के पेड़ को कल्पवृक्ष भी कहा, जिसका अर्थ है कि इसे पवित्र माना जाता है क्योंकि पेड़ में सब कुछ उपयोग किया जाता है। तो, यह उनके लिए पेड़ को संरक्षित करने का एक और कारण था। डिजाइन एवरेस्ट द्वारा दी गई सलाह के अनुसार, लंबे समय में पैसे बचाने के लिए पेड़ महान हैं। गर्मियों में, पूर्व और पश्चिम में स्थित पेड़ आपके घर को छाया प्रदान कर सकते हैं, जिससे शीतलन लागत कम हो जाती है। सर्दियों में, पेड़ हवा के झोंके बन जाते हैं जो आपके हीटिंग बिल को बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं। आस-पड़ोस के पेड़ लगातार घरों की बिक्री की कीमतों में भी वृद्धि करते हैं।

संरक्षण के लिए स्वस्थ पेड़ आपकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। छोटे पेड़ पुराने पेड़ों की तुलना में बहुत अधिक लचीले होते हैं। उन्हें बिना किसी दुष्प्रभाव के भी प्रत्यारोपित किया जा सकता है। यदि एक बड़ा पेड़ नई संरचना के पांच फीट के भीतर स्थित है, तो यह संभवतः जीवित नहीं रहेगा। एक समूह में विभिन्न प्रकार के पेड़ों को बचाएं, जो उनके अस्तित्व को सुनिश्चित करने में मदद करेगा और बीमारी और तनाव की संभावना को कम करेगा। निर्धारित करें कि आपके स्थानीय नियोजन विभाग के नियम पेड़ों और वृक्षों की सुरक्षा से संबंधित हैं। इसमें संरक्षित पेड़ों की उनकी सूची, पेड़ को किस हद तक संरक्षित किया जाना चाहिए, और पेड़ की रक्षा के लिए आपके प्रयास में दिशानिर्देशों का पालन करना शामिल है। सामान्य तौर पर, पेड़ को कम नुकसान, बेहतर। आपको अपना प्रोजेक्ट डिजाइन करते समय आस-पास के लॉट में पेड़ों पर भी विचार करना चाहिए। पेड़ों के चारों ओर निर्माण की योजना बहुत सावधानी से बनाएं। आपको उन पेड़ों के आसपास की जड़ों की रक्षा करनी चाहिए जिन्हें आप संरक्षित करना चाहते हैं, इसलिए उन क्षेत्रों में सामग्री का कोई निर्माण या भंडारण नहीं होना चाहिए। इन पेड़ों के चारों ओर स्पष्ट संकेतों के साथ बाड़ लगाना यह सुनिश्चित करने का सबसे आसान तरीका है कि उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा कि कार्यकर्ता यह समझें कि पेड़ों को संरक्षित किया जाना है, इस संभावना को कम करने के लिए कि वे गलती से पेड़ को नुकसान पहुंचाएंगे। इस प्रक्रिया में आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है और ऐसा करने के लिए आपको किसी विशेषज्ञ की सलाह की आवश्यकता होगी। लेकिन दिया गया प्रयास इसके लायक होगा क्योंकि इससे पर्यावरण और आने वाली पीढ़ी को भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, आप अभी कुछ अतिरिक्त रुपये खर्च कर सकते हैं लेकिन लंबे समय में, यह आपको जितना आप जानते हैं उससे कहीं अधिक बचत करेंगे।



# अक्षय की फिल्म 'स्काई फोर्स' हुई पोस्टपोन...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार के करियर का इस समय डाउनफॉल आया हुआ है। उनकी जो भी फिल्म रिलीज हो रही है वो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पा रही है। हर फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो रही है। अक्षय की आखिरी हिट फिल्म ओएमजी 2 है। इसके बाद से उनकी जो भी फिल्म आई है वो फ्लॉप ही साबित हुई है। बैक टू बैक फ्लॉप फिल्में देने की वजह से अक्षय की इस फिल्म की रिलीजिंग को पोस्टपोन कर दिया गया है। उनकी फिल्म स्काई फोर्स अगले साल रिलीज होगी।



लाइफ Style

# अनन्या

## 'कॉल मी बे' का दूसरा गाना 'चुराइयां' रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।

अनन्या पांडे अभिनीत बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज कॉल मी बे की रिलीज में बस तीन दिन बचे हैं। फिल्म के रिलीज होने के बाद एल्बम से एक और ट्रैक 'चुराइयां' रिलीज कर दिया गया है। गाने में अनन्या विहान समत के साथ अपने ब्रेकअप पर दुखी नजर आ रही हैं और वीडियो में रियल लाइफ कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के वायरल वेडिंग पोज को भी रिक्रिएट किए गया है। यह शो 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाला है। 3 सितंबर मंगलवार को सीरीज कॉल मी बे के दूसरे गाने का म्यूजिक वीडियो मेकर्स द्वारा लॉन्च किया गया। इस गाने का नाम चुराइयां है, जिसे अभिजीत श्रीवास्तव ने कम्पोज किया है। गाने के बोल शायरा अपूर्वा और मुदित चतुर्वेदी ने लिखे हैं। गाने को सुवर्णा तिवारी और मुदित चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज दी है। वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# आठ मिनट तक बजती रहीं तालियां

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री एंजेलिना जोली अपनी फिल्म 'मारिया' को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में आठ मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाने पर काफी भावुक हो गईं। यह फिल्म ग्रीक ओपेरा गायिका मारिया कैलास की जीवनी पर आधारित है। इसे जल्द ही ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। फिलहाल एंजेलिना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर वायरल हुए वीडियो में एंजेलिना जोली को इमोशनल होकर अपने आंसू पोंछते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद 'मारिया' को-स्टार पियर फ्रांसेस्को फेविनो ने उन्हें संभाला।




# रेड हल्क की पहली झलक देख हो जाएंगे दीवाने...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल कॉमिक्स, मार्वल स्टूडियो और एमसीयू (मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स) के दीवानों के लिए करीब तीन मिनट का यह वीडियो बेहद इमोशनल और एक्साइटमेंट से भरा हुआ है। मार्वल ने अपने शानदार 85 साल पूरे होने पर यह वीडियो शेयर किया है। कॉमिक बुक से लेकर बड़े पर्दे पर सुपरहीरोज के फैंस के लिए यह वीडियो पुरानी यादों को ताजा करने वाला है, लेकिन इसके साथ ही इसमें हमें मार्वल की आने वाली फिल्मो की झलक भी देखने को मिलती है। इस वीडियो में रेड हल्क, थंडरबोल्ट्स, डेयरडेविल और आयरनहार्ट की झलक रोमांच बढ़ाने वाली है। साल 1960 के दशक में मार्वल के दिग्गज स्टैन ली और जैक किर्बी ने कॉमिक किताबों की शुरुआत की थी। सुपरहीरोज की दुनिया का एक नया इतिहास शुरू हुआ था।



# करीना ने कहा- मुझे डिटेक्टिव बनना था

**मुंबई।** करीना कपूर की अगली फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' है। इस फिल्म के जरिए वे बतौर प्रोड्यूसर भी शुरुआत कर रही हैं। मंगलवार को इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। एक भव्य इवेंट में ट्रेलर जारी किया गया। इस दौरान करीना से लेकर हंसल मेहता और एकता कपूर तक, फिल्म से जुड़ी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। करीना ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म यह फिल्म क्यों साइन की? करीना ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा, 'मुझे डिटेक्टिव बनना था, इसलिए मैंने इस फिल्म में काम किया'। इसके अलावा करीना ने कहा कि 'कैमरा के सामने आना मेरा पैशन है और यह जारी रहेगा'। 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द बकिंघम मर्डर्स' को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 और 2023 मुंबई फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया।



# कियारा को दिया ड्रामा क्वीन का टैग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अक्सर अपनी तस्वीरों, एयरपोर्ट लुक और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के मजेदार पलों के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेता ने अपनी पार्टनर कियारा को 'ड्रामा क्वीन' कहा था। मिर्ची प्लस के साथ एक मजेदार रैपिड फायर में अभिनेता से कुछ गानों के बोल संबंधित फिल्म कलाकारों को समर्पित करने के लिए कहा गया, जिनके साथ उनकी सबसे अच्छी दोस्ती है। जब होस्ट ने उनसे 'ये छोरी बड़ी ड्रामा क्वीन है' डेडिकेट करने के लिए कहा तो सिद्धार्थ ने चुटकी लेते हुए कहा, 'कियारा आडवाणी'। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सिड-कियारा सबसे प्यारे कपल्स में से एक हैं।'

## टीवी मसाला



# अब नहीं आएगा 'आपका अपना जाकिर', चैनल ने भी खींच लिए हाथ

**नई दिल्ली।** जाकिर खान और उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल 'आपका अपना जाकिर' शो बंद किया जा रहा है। 10 अगस्त को शुरू हुए इस शो की टीआरपी बहुत खराब रही है, जिसके कारण मेकर्स और चैनल ने भी अब इस शो से अपने हाथ खींच लिए हैं। जब एक महीने पहले जाकिर खान के नए शो 'आपका अपना जाकिर' का ऐलान किया गया था, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। इसे टीवी पर 'द कपिल शर्मा शो' का रिप्लेसमेंट माना जा रहा था। पर अब यह शो बंद किया जा रहा है। इसकी वजह है गिरती टीआरपी और रेटिंग। इससे न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस को भी तगड़ा झटका लगा है। हो सकता है कि जो फैंस 'आपका अपना जाकिर' के नए एपिसोड का इंतजार कर रहे थे, शायद वह उन्हें देखने को नहीं मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शो में बड़े स्टार्स तो काफी आ रहे थे, पर उसमें कुछ भी दिलचस्प या क्रिएटिव लेवल पर खास नहीं था, यही वजह रही कि शो की रेटिंग तेजी से गिर गई और अब इसे संभाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

## ... क्या 'अनुपमा' के सेट पर है नेगेटिविटी? सुधांशु ने खोले राज

**नई दिल्ली।** सुधांशु पांडे अनुपमा सीरियल में वनराज का किरदार निभाकर फेमस हुए हैं। उन्होंने इस शो में नेगेटिव रोल निभाया था। जिसके बाद से लोग उन्हें उनके असली नाम की जगह वनराज के नाम से ही जानते हैं। सुधांशु ने कई सालों तक अनुपमा में काम करने के बाद इस शो को छोड़ दिया है। जैसे ही उन्होंने शो छोड़ने के बारे में बताया है तब से फैंस चौंक गए हैं। शो छोड़ने के बाद सुधांशु ने शो से जुड़े कई राज खोले हैं। उन्होंने कहा- मैं एक ही चीज कहूंगा, मेरी सिनियोरिटी और बाकी चीजों की वजह से मेरे आस-पास ये सब चीज कभी फटकी नहीं। क्योंकि, लोगों की इतनी हिम्मत होती नहीं है कि वो टॉक्सिसिटी मेरे पास लेकर आए। वो जानते हैं एक सीनियर एक्टर हैं तो उन्हें मेरे साथ एक डेकोरम मेंटेन करके रहना पड़ेगा। बता दें अनुपमा टॉप रेटिड टीवी शो है। इस शो में रुपाली गांगुली, गौरव खन्ना, निधि शाह, निशि सक्सेना समेत कई कलाकार लीड रोल में नजर आते हैं।



# कार्तिक-विद्या का लुक देख क्रेजी हुए फैंस....

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और विद्या बालन का फिल्म 'भूल भुलैया 3' से पहला अनऑफिशियल लुक सामने आ गया है। साल 2007 में आई अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म का यह दूसरा सीक्वल होगा जो इसी साल नवंबर में रिलीज होने जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहा था और दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तब्बू ने डबल रोल किया था जिसे काफी पसंद किया गया था और अब फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज होने में बस 2 महीने का वक्त बचा है। इसी बीच फिल्म के बीटीएस मोमेंट सामने आने शुरू हो चुके हैं, जिन्होंने एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दिया है। भूल भुलैया की भूत मंजुलिका का खुमार फैंस पर ऐसा चढ़ा कि पार्ट-2 में कई लोगों ने विद्या बालन को याद किया। अब पार्ट-3 में खबर है कि मेकर्स पुरानी मंजुलिका को फिर वापस लाने जा रहे हैं। इस बात का सबूत है सोशल मीडिया पर सामने आई ये ताजा तस्वीरें जिनमें कार्तिक आर्यन और विद्या बालन एक साथ नजर आ रही हैं। दोनों ने ही ब्लैक आउटफिट लिया हुआ है। जहां कार्तिक आर्यन रूह बाबा के लुक में हैं वहीं विद्या बालन ने भी ब्लैक साड़ी पहनी हुई है।



# इस एक्टर ने शाहरुख, सलमान, अमिताभ से ज्यादा दी हैं हिट फिल्में, फिर भी नहीं मिला कभी सुपरस्टार का ताज

**नई दिल्ली।** एक्टर्स को उनकी सिनेमाघरों और ऑडियन्स के बीच पावर के दम पर स्टार या सुपरस्टार कहा जाता है। जितना बड़ा एक्टर का और होता है उतना ही बड़ा उसका स्टारडम होता है। जो एक्टर सबसे ज्यादा हिट फिल्में देता है उसे अपने आप लोग सुपरस्टार कहने लगते हैं। लेकिन, एक ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में 74 हिट फिल्में दी हैं, लेकिन फिर भी उन्हें कभी किसी ने सुपरस्टार नहीं कहा है। हिट फिल्मों की लिस्ट में इस एक्टर ने कई बड़े बॉलीवुड एक्टर्स को भी पीछे छोड़ दिया है। बॉलीवुड में जिस एक्टर ने सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं वो कोई और नहीं, बल्कि धर्मेंद्र हैं। धर्मेंद्र ने अपने करियर में 239 फिल्में की हैं, जिसमें से 74 हिट और 20 सेमी हिट देने का रिकॉर्ड है।

### इन फिल्मों ने रचा इतिहास

धर्मेंद्र ने अपने करियर की शुरुआत छोटी फिल्मों से की थी। छोटी फिल्मों से ही धर्मेंद्र ऊपर बढ़ते चले गए थे। उनकी कुछ फिल्मों ने बॉलीवुड में इतिहास रच दिया था। जिसमें शोले और सीता और गीता शामिल हैं। शोले में धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया था। साथ ही धर्मेंद्र और हेमा मालिनी का रोमांस भी फैंस को काफी पसंद आता है।



### अमिताभ बच्चन को छोड़ दिया पीछे

हिट फिल्मों की लिस्ट में धर्मेंद्र ने कई बड़े एक्टर्स को पीछे छोड़ दिया है। जिसमें अमिताभ बच्चन (56), राजेश खन्ना (42), अक्षय कुमार (40) सलमान खान (37) और शाहरुख खान (34) शामिल हैं। धर्मेंद्र ने इन सभी एक्टर्स से ज्यादा हिट फिल्में दी हैं। धर्मेंद्र बॉलीवुड के सबसे ज्यादा हिट फिल्में देने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं। उनकी 7 फिल्में ब्लॉकबस्टर रही हैं।

***नहीं मिला सुपरस्टार का ताज*** : *धर्मेंद्र हमेशा राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे कई सुपरस्टार्स की छाया में रहे, जिन्होंने बड़ी हिट फिल्में दीं, जबकि उनकी हिट फिल्में ज्यादातर मल्टी-स्टारर थीं। 80 के दशक से, उन्होंने छोटे बजट की एक्शन फिल्मों की ओर रुख किया, यही वजह है कि उन्हें कभी भी टॉप स्टार के टैग की दौड़ में नहीं माना गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो धर्मेंद्र आखिरी बार शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। अभी भी उनके पास कई प्रोजेक्ट्स लाइन में लगे हुए हैं।*

## सीरियल किलर की हैवानियत कंपा देंगी रूह

# क्या आपने देखी हैं खौफनाक क्राइम पर बनी ये फिल्में


***नई दिल्ली।*** *अगर आप क्राइम और थ्रिलर देखने के शौकीन हैं। तो हमने आपके लिए कुछ ऐसी फिल्मों की लिस्ट लेकर आए हैं। जिन्हें देखकर आपकी भी रूह कांप उठेगी।*




**10 रिलिंगटन प्लेस** : हॉलीवुड की ये फिल्म देख आपका दिल और दिमाग दोनों हिल जाएंगी। इसमें एक कपल किराए पर एक जगह लेता है, जिसका मालिक जॉन क्रिस्टी है, ये शख्स एक खूंखार सीरियर किलर होता है।

**स्क्रीम** : साल 1996 में रिलीज हुई ये फिल्म भी आपके दिल में दहशत पैदा कर देगी। फिल्म की कहानी स्क्रीम डेनियल हेरोल्ड रोलिंग से प्रेरित है। जिसे गेन्सविले रिपर के नाम से भी जाना जाता है।






**हेनरी** : पोर्ट्रेट ऑफ सीरियल किलर - ये फिल्म भी एक रियल सीरियल किलर की कहानी पर आधारित है। जिसका नाम हेनरी ली लुकास है। उन्होंने साल 1983 में 600 से ज्यादा मर्डर किए थे।

**चेंजलिंग** : एंजेलिना जोली की फिल्म 'चेंजलिंग' का नाम भी इस लिस्ट में है। जिसमें उन्होंने रियल लाइफ क्रिस्टीन कॉलिन्स का रोल निभाया था. जिसके बेटे को एक सीरियल किलर किडनैप कर लेता है।






**कार्ला** : इस फिल्म में तीन महिलाओं के रेप और मर्डर की कहानी दिखाई जाती है। इस फिल्म को देखकर भी आपकी रूह कांप उठेगी।




**3096 डेज** : ये फिल्म नत्शा कम्पुश की इसी नाम से लिखी संस्मरण पर आधारित है। जिनका 10 साल की उम्र में किडनैप हो जाता है। फिर वो कैसे खुद को बचाती हैं ये कहानी फिल्म में दिखाई गई है।



**दहाड़** : इस लिस्ट में हिंदी वेब सीरीज 'दहाड़' का भी नाम शामिल है। जो रियल सीरियल किलर सीरीज मोहन कुमार की कहानी से प्रेरित है। इसमें विजय वर्मा और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम किरदार निभाए थे।

## खबर संक्षेप



### जीई पावर इंडिया ने नवयुग कंपनी से किया समझौता

**नई दिल्ली।** जीई पावर इंडिया ने नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एनईसीएल) के साथ समझौता होने की मंगलवार को घोषणा की। जीई पावर इंडिया ने बीएसई को दी सूचना में बताया, पूर्ण व अंतिम निपटान के तहत एनईसीएल 31,45,26,287 रुपये की राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गई है। इस समझौते के तहत किस्तें तिमाही आधार पर दी जाएगी। अंतिम किस्त 2026 में मिलेगी।

### श्री तिरुपति बालाजी का आईपीओ पांच को खुलेगा




**नई दिल्ली।** श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने लगभग 170 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 78-83 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ पांच सितंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और नौ सितंबर को बंद होगा। आईपीओ में 1.47 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और और बिनोद कुमार अग्रवाल की तरफ से 56.90 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है।

### एसके फाइनेंस, बेलस्टार के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली।** वाहन वित्त और व्यावसायिक ऋण प्रदाता एसके फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस की सूक्ष्म-वित्त इकाई बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस और ट्रांसरेल लाइटिंग को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से सोमवार को जारी एक अपडेट से यह जानकारी मिली। तीनों कंपनियों को 30 अगस्त को सेबी से आईपीओ लाने पर मंजूरी हासिल हुई।

### बजाज हाउसिंग का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 66-70 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का 6,560 करोड़ रुपये मूल्य का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक छह सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। प्रस्तावित आईपीओ में 3,560 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस के 3,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### क्रॉस लिमिटेड का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी क्रॉस लिमिटेड का 500 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) नौ सितंबर को खुलेगा। आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, क्रॉस लिमिटेड का सार्वजनिक निर्गम 11 सितंबर को बंद होगा जबकि प्रमुख (एंकर) निवेशक छह सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

# दुनियाभर में कार बेचने वाली कंपनी की फैक्टरी पर ताले जड़ने की आई नौबत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनियों में से एक फॉक्सवैगन 87 साल के इतिहास में पहली बार जर्मनी में अपने कुछ कारखाने बंद करने पर विचार कर रही है। चाइनीज इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच लागत में कटौती कम करने के लिए कंपनी को यह कदम उठाना पड़ेगा। इसके साथ ही फॉक्सवैगन 1994 से श्रम संघों के साथ मौजूद रोजगार सुरक्षा समझौते को समाप्त करने का प्रयास भी कर रही है। फॉक्सवैगन ग्रुप के सीईओ ओलिवर ब्लूमे ने कहा है कि यूरोपीय ऑटोमोटिव उद्योग बहुत ही गंभीर स्थिति में है। आर्थिक माहौल और भी कठिन हो गया है और नए प्रतियोगी यूरोपीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। विनिर्माण स्थल के रूप में जर्मनी एक प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में पीछे चला गया है।

## चाइनीज कंपनी बीवाईडी से फॉक्सवैगन को मिल रही है जबरदस्त टक्कर

### कंपनी के लिए चीन सबसे बड़ा बाजार

*फॉक्सवैगन, जिसने पिछले साल के अंत में अपने खर्चों 10 बिलियन यूरो (11.1 बिलियन डॉलर) की कटौती की योजना शुरू की थी। कंपनी के लिए चीन सबसे बड़ा बाजार है, लेकिन अब वहां वह तेजी से बाजार हिस्सेदारी खो रही है। इस साल की पहली छमाही में, चीन में फॉक्सवैगन की डिलीवरी 2023 की समान अवधि की तुलना में 7 प्रतिशत गिर गई। समूह का ऑपरेटिंग लाभ 11.4 प्रतिशत गिरकर 10.1 बिलियन यूरो (11.2 बिलियन डॉलर) रह गया।*



**चीन में स्थानीय ईवी ब्रांडों की वजह से फॉक्सवैगन की बिक्री गिरी है**

### चीनी कंपनी बीवाईडी छीन रही बाजार

*चीन में फॉक्सवैगन का प्रदर्शन तब कमजोर हुआ है जब कंपनी स्थानीय ईवी ब्रांडों, विशेष रूप से बीवाईडी, से प्रतिस्पर्धा करने में पिछड़ रही है। बीवाईडी यूरोप में भी फॉक्सवैगन के व्यवसाय के लिए एक तेजी से खतरा बनती जा रही है। पिछले महीने विश्लेषकों से बात करते हुए ब्लूमे ने कहा था, 'हमारा मुख्य ध्यान लागत में कटौती पर है। हमने सभी संगठात्मक कदम उठाए हैं। और अब यह सिर्फ लागत, लागत और लागत की बात है।' उन्होंने कहा कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और श्रम खर्चों में नियोजित कटौती पर हमारा फोकस है।*

### श्रम यूनियन कर रही कटौती का विरोध

*फॉक्सवैगन की लागत-कटौती योजनाओं का कंपनी की पर्यवेक्षी बोर्ड, जो कार्यकारी प्रबंधकों की नियुक्ति करता है, में लगभग आधे सीटों पर काबिज श्रम प्रतिनिधियों से भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। जर्मनी के सबसे शक्तिशाली यूनियनों में से एक, आईजी मेटल, ने कंपनी की खराब स्थिति के लिए कुप्रबंधन को दोषी ठहराया और नौकरियों की रक्षा के लिए लड़ने का संकल्प लिया। आईजी मेटल के प्रमुख वार्ताकार थॉर्स्टन ग्रोगर ने कहा कि बोर्ड ने एक गैर-जिम्मेदाराना योजना प्रस्तुत की है जो फॉक्सवैगन की नींव को हिलाती है, नौकरियों और स्थानों के लिए बड़े पैमाने पर खतरा पैदा करती है।*

## पूर्व में वृद्धि दर अनुमान 6.6 फीसदी रहा

# विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी की वजह से विश्व बैंक ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है। दोनों बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत किया है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा।

### अनुमान 0.4 फीसदी बढ़ाया

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने इससे पहले जून में अनुमान लगाया था कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसने अब इसे 0.4 प्रतिशत बढ़ा दिया है।

**खास बातें**

- कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी प्रमुख वजह
- अनुमान आईएमएफ व एडीबी के अनुमानों के अनुरूप




### परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी घटी

*वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं रिपोर्ट के सह-लेखक नोरा डिहेल तथा रैन ली ने कहा, '' उत्पादन की बढ़ती लागत तथा उत्पादकता में गिरावट के साथ वैश्विक परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2018 के चार प्रतिशत से घटकर 2022 में तीन प्रतिशत रह गई है।'' उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक पकड़ के साथ एकीकृत हो सकता है।*

### ग्रामीण मांग बेहतर होगी

*कृषि में अपेक्षित सुधार से ग्रामीण मांग भी बेहतर होगी। इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' (आईडीयू) ने इस बात पर जोर दिया कि 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर के अपने माल निर्यात लक्ष्य तक पहुंचने के लिए भारत को अपने निर्यात खंड में विविधता लाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का लाभ उठाने की जरूरत है।*

### मानसून में सुधार का पड़ेगा असर

*विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून में सुधार, निजी खपत और बढ़ते निर्यात के दम पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया जा रहा है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' (आईडीयू) रिपोर्ट में कहा, दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा.. भारत की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है।*

### मध्यम अवधि में दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा

*रिपोर्ट में कहा गया, 'चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के बीच विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर सात प्रतिशत तक पहुंचने और वित वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 में मजबूत रहने का अनुमान है।'*

### मजबूत राजस्व वृद्धि बनी रहेगी

*इसमें कहा गया, मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ ऋण-जीडीपी अनुपात वित्त वर्ष 2023-24 में 83.9 प्रतिशत से घटकर 2026-27 तक 82 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। चालू खाते का घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2026-27 तक सकल घरेलू उत्पाद के 1-1.6 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है।*

# जीएसटी नेटवर्क पर एक अक्टूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




जीएसटी नेटवर्क एक अक्टूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) की शुरुआत करेगा। इसकी मदद से करदाता सही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए आपूर्तिकर्ताओं की तरफ से जारी रिकॉर्ड/ बिलों का मिलान कर पाएंगे। जीएसटी नेटवर्क ने माल एवं सेवा कर (जी ए स टी) भुगतानकर्ताओं को जारी किए गए परामर्श में कहा कि करदाताओं को पोर्टल के माध्यम से अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ बिलों में सुधार/ संशोधनों के कुशल प्रबंधन के लिए आईएमएस नाम की नई संचार सुविधा शुरू की जा रही है। जीएसटी रिटर्न दाखिल करने और कर देनदारियों के भुगतान मंच के तौर पर जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) का इस्तेमाल किया जाता है। जीएसटीएन ने कहा, ''आईएमएस सुविधा से करदाताओं को सही आईटीसी का लाभ उठाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जारी किए गए रिकॉर्ड/ बिल का मिलान करने में भी सुविधा होगी।'' आईएमएस करदाताओं को चालान को स्वीकार या अस्वीकार करने या इसे प्रणाली में लंबित रखने की अनुमति देगा, जिसका लाभ बाद में उठाया जा सकता है। यह सुविधा करदाताओं को एक अक्टूबर से जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

- करदाता आईटीसी का लाभ उठाने बिलों का मिलान कर पाएंगे

### मजबूत आधार तैयार होगा

*परामर्श फर्म मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सभी चालान पर की गई सभी कार्रवाइयों का विस्तृत रिकॉर्ड रखने से आईएमएस जीएसटी ऑडिट के लिहाज से एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह सुविधा कर अधिकारियों को आईटीसी दावों के प्रबंधन में प्राप्तकर्ता की उचित सावधानी का स्पष्ट सबूत देती है।*

# अनचाही कॉल पर बड़ी कार्रवाई 2.75 लाख टेलीफोन नंबर कटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तीन सितंबर (भाषा) अनचाही कॉल और अपंजीकृत टेली-मार्केटिंग कंपनियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 2.75 लाख टेलीफोन नंबर काट दिए गए हैं और 50 फर्मों की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। यह कार्रवाई दूरसंचार नियामक ट्राई की तरफ से हाल ही में अपनाए गए सख्त रुख के तहत की गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा था कि अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों को काली सूची में डाला जाए और इनसे जुड़े नंबरों को बंद कर दिया जाए। ट्राई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने फर्जी कॉल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। वर्ष 2024 की पहली छमाही में बिना पंजीकरण वाली टेली मार्केटिंग फर्मों के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। ट्राई ने कहा कि इस पर लगाम लगाने के लिए 13 अगस्त, 2024 को सभी पहुंच प्रदाताओं को कड़े निर्देश जारी किए गए थे और अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों पर तुरंत लगाम लगाने को कहा गया था। ट्राई ने कहा, इन निर्देशों को ध्यान में रखते हुए दूरसंचार कंपनियों ने फर्जी कॉल के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग पर कड़े कदम उठाए हैं।

- 50 फर्म की सेवाएं बंद कर दी गई
- कार्रवाई ट्राई की तरफ से की गई



### उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद

इन कदमों से फर्जी कॉल में कमी आने और उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्राई ने सभी हितधारकों से स्वच्छ और अधिक कुशल दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने का आग्रह किया है।

### सोने में 50 और चांदी में 250 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 250 रुपये टूटकर 85,250 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अतिरिक्त, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 3.80 डॉलर प्रति औंस अधिक है।

### महिंद्रा के क्लासिक लीजेंड्स ने उतारी जावा की नई मोटरसाइकिल



**मुंबई।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि समूह की प्रीमियम मोटरसाइकिल कंपनी क्लासिक लीजेंड्स एक मैराथन दौड़ में शामिल है और वह जावा जैसे पुनर्जीवित ब्रांडों के पुनर्निर्माण में किसी भी चुनौती से निपटेगी। महिंद्रा ने यहां नई जावा 42 एफजे मोटरसाइकिल की पेशकश के मौके पर कहा कि ब्रांड का निर्माण कहानियों के संकलन से ही होता है। नवीनतम पेशकश की कीमत 1.99 लाख रुपये से शुरू होती है।

### सेंसेक्स और निफ्टी हुए स्थिर बंद

**मुंबई।** रिकॉर्ड तेजी के सिलसिले के बाद बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को सुस्त कारोबार के बीच लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। निफ्टी में लगातार 14वें कारोबारी सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 10 दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 4.40 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,555.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार 14वें दिन तेजी रही और यह 1.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,279.85 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख और किसी ठोस संकेत के अभाव में... घरेलू बाजार स्थिर रहा।

#### एशियाई बाजार नुकसान में हुए बंद

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को श्रम दिवस के मौके पर बंद रहे।*

# आगामी दशकों में कर्ज का मुख्य स्त्रोत बनी रहेगी घरेलू बचत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू बचत ने बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था की निवेश संबंधी जरूरतों को पूरा किया है और आने वाले दशकों में यह कर्ज का मुख्य स्त्रोत बनी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने मंगलवार को यह बात कही। पात्रा ने यहां भारतीय उद्योग



परिसंघ (सीआईआई) के कार्यक्रम 'फाइनेंसिंग 3.0 शिखर सम्मेलनः विकसित भारत की तैयारी' के दौरान कहा कि हाल में, महामारी के दौरान जमापूंजी खत्म होने और वित्तीय परिसंपत्तियों से आवास जैसी भौतिक परिसंपत्तियों में स्थानांतरण के कारण परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत 2020-21 के स्तर से लगभग आधी हो गई है। पात्रा ने कहा, ''आने वाले समय में आय वृद्धि से उत्साहित होकर परिवार अपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण करेंगे... यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

## पोलैंड और भारत के बैंकों ने खरीदा सबसे ज्यादा सोना

# छह महीने में खरीद डाला रिकॉर्ड 483 टन सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर के देशों के केंद्रीय बैंक अपने खजाने में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन बैंकों ने इस साल के पहले छह महीने में ही 483 टन सोना खरीद लिया है जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है।

पिछले साल इन बैंकों ने साल की पहली छमाही में 460 टन सोना खरीदा था। 2024 की दूसरी तिमाही में इन बैंकों ने 183 टन सोना खरीदा जो कि पिछले साल के मुकाबले छह फीसदी अधिक है। हालांकि यह इस साल की पहली तिमाही के मुकाबले 39 प्रतिशत कम है। जनवरी-मार्च तिमाही में केंद्रीय बैंकों ने 300 टन सोना खरीदा था।

- चीन के सेंट्रल बैंक ने गोल्ड खरीदने की रफ्तार धीमी की



### भारत ने खरीदा 19 टन सोना

*साल की दूसरी तिमाही में सबसे ज्यादा गोल्ड खरीदने के मामले में नेशनल बैंक ऑफ पोलैंड और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया संयुक्त रूप से पहले नंबर पर रहे। इन दोनों बैंकों ने 19-19 टन सोने की खरीदारी की। तुर्की 15 टन गोल्ड खरीदकर तीसरे नंबर पर रहा।*

### तुर्की ने खरीदा 45 टन सोना

तुर्की का सेंट्रल बैंक साल के पहले छह महीने में 45 टन सोना खरीद चुका है। जॉर्डन, कतर, रूस, उज्बेकिस्तान, किर्गीस्तान, इराक और चेक रिपब्लिक के केंद्रीय बैंकों ने भी दूसरी तिमाही में काफी सोना खरीदा। दूसरी ओर चीन के सेंट्रल बैंक ने सोने की खरीदारी कम कर दी है।

### सोने की कीमतों में आई तेजी

*कई कारणों से गोल्ड मार्केट प्रभावित हो रहा है। इनमें यूएस डॉलर का मूवमेंट, महंगाई, गोल्ड जूलरी की डिमांड शामिल हैं। सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने से खरीद से भी सोने की कीमत में तेजी आई है। गोल्ड माइनिंग कंपनियों का उत्पादन प्रभावित होने से भी सोने की कीमत प्रभावित होती है।*

### चीन, अमेरिका और रूस सोने के उत्पादक देश

*सोने का उत्पादन करने वाले देशों में चीन, ऑस्ट्रेलिया, रूस, कनाडा और अमेरिका शामिल हैं। एमसीएक्स पर गोल्ड अभी 91 रुपए की गिरावट के साथ 71,520 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। पिछले सत्र में यह यह 71,611 रुपए पर बंद हुआ था और आज 71,582 रुपए पर खुला।*

# प्रीमियर एनर्जीज के शेयर ने एक दिन में दोगुना किया पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सौर सेल व मॉड्यूल विनिर्माता कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 450 रुपये से करीब 87 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 120.22 प्रतिशत उछाल के साथ 991 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 120.76 प्रतिशत चढ़कर 993.45 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 86.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 839.65 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 120 प्रतिशत उछाल के साथ 990 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के अंत में यह 86.42 प्रतिशत बढ़कर 838.90 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,849.27 करोड़ रुपये रहा।

- सूचीबद्ध होते ही कारोबार में 87 प्रतिशत चढ़ा




### कंपनी को 29 वर्षों का अनुभव

प्रीमियर एनर्जीज एक एकीकृत सौर सेल तथा सौर मॉड्यूल विनिर्माता है। इसके पास 29 वर्षों का अनुभव है। इसकी सौर सेल के लिए वार्षिक स्थापित क्षमता दो गीगावाट और सौर मॉड्यूल के लिए 4.13 गीगावाट है।

मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपाय करें नहीं तो जुर्माना

# कर्नाटक सरकार ने डेंगू की बीमारी को किया 'महामारी' घोषित


## यहां 6 महीने में 7 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने डेंगू को महामारी घोषित कर दिया है। राज्य सरकार ने ये फैसला डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर किया। कर्नाटक सरकार ने महामारी रोग विनियम 2020 में संशोधन करने के लिए नियम बनाए हैं। एक महामारी थोड़े समय में ही बड़ी संख्या में बीमारी का तेजी से फैलना है।

कर्नाटक सरकार ने आधिकारिक तौर पर डेंगू बुखार, इसके गंभीर रूपों सहित, को कर्नाटक महामारी रोग अधिनियम, 2020 के तहत एक महामारी रोग घोषित कर दिया है। संशोधित नियमों में कहा गया है कि सभी भवनों के मालिक, पानी की टंकियों के मालिक या पार्कों और खेल के मैदानों के प्रभारी व्यक्तियों पर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए जरूरी उपाय करने की जिम्मेदारी हैं।

प्रभारी व्यक्तियों पर समुचित उपाय की जिम्मेदारी



**शहरी व ग्रामीणों में 1000 जुर्माना**


व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, आवासीय सुविधाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और रेस्तरां के लिए शहरी क्षेत्रों में जुर्माना 1,000 रुपए और ग्रामीण क्षेत्रों में 500 रुपए निर्धारित किया गया है. सक्रिय निर्माण स्थलों, परित्यक्त क्षेत्रों और खाली साइटों के लिए, शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए जुर्माना 1,000 रुपए होगा.

### नोटिफिकेशन में जुर्माने का यह है प्रावधान

*कर्नाटक सरकार ने अपनी नोटिफिकेशन में जुर्माने का जिक्र भी किया है। अगर किसी घर के अंदर या बाहर डेंगू के मच्छर पाए जाते हैं, तो 400 रुपए (अर्बन एरिया) और 200 रुपए (रूरल एरिया) का जुर्माना लगेगा। संशोधित नियम सभी मालिकों, कब्जाधारियों, बिल्डरों और भूमि, भवनों, पानी की टंकियों, पार्कों और खेल के मैदानों के प्रभारी व्यक्तियों पर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने की जिम्मेदारी डालते हैं। नियमों का उद्देश्य राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मच्छरों की आबादी को कम करना और डेंगू बुखार के प्रसार को सीमित करना है।*

## बिहार में मंकी पॉक्स की चेतावनी

### एयरपोर्ट पर यात्रियों की होगी निगरानी



पटना। बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने मंकी पॉक्स की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और अस्पतालों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के बाद प्राथमिकता के आधार पर जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (पटना) पर एक स्वास्थ्य डेस्क स्थापित किया गया है। पटना के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन हवाई अड्डे के अधिकारियों को आने वाले यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को पटना आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पिछले 21 दिन के इतिहास को हवाई अड्डे पर नोट करने के लिए कहा गया है।

### अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को किया सचेत

*डीएम ने बताया कि पटना स्थित गायघाट के अंतर्देशीय नौवहन प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जहाजों के माध्यम से आने वाले अ यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को मंकी पॉक्स का कोई मामला दर्ज होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों को इस बीमारी के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले रोगियों को अलग रखने के लिए बिस्तर आरक्षित करने का भी निर्देश दिया गया है।मंकीपॉक्स एक दुर्लभ और संक्रामक रोग है, जो मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है, जो ऑर्थोपॉक्सवायरस जीन्स से संबंधित है, जिसमें चेचक, काउपॉक्स और कैमलपॉक्स जैसे वायरस शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### ऑटोमैटिक मोड में चलेंगे दिल्ली के ट्रैफिक सिग्नल



**नई दिल्ली।** दिल्ली वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब उन्हें सिग्नल पर जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिस तरफ (कैरिज्वे) वाहनों की संख्या ज्यादा होगी उस तरफ की लाइट ज्यादा देर तक ग्रीन रहेगी। इतना ही नहीं जिस तरफ वाहन ज्यादा होंगे उस तरफ की लाइट अपने आप हरी हो जाएगी। ये सब अनुकूली यातायात नियंत्रण से संभव होगा।

### गो-तस्करी के संदेह में स्कूली छात्र की हत्या



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में मंगलवार को गोतस्करी के संदेह में गोरक्षकों ने 12वीं कक्षा के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 12वीं कक्षा के छात्र आर्यन मिश्रा के रूप में हुई। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना 23 अगस्त की है। कार में वह दोस्तों संग यात्रा कर रहा था, आरोपी ने गोतस्कर समझ लिया।

### पहले ही दिन वंदे भारत लोको पायलट से मारपीट



**आगरा।** राजस्थान से चौथी वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होते ही पहले दिन ही बवाल हो गया। यह वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से कोटा होते हुए आगरा के बीच शुरू हुई है। लेकिन आगरा में वंदे भारत ट्रेन के वर्किंग को लेकर बवाल मच गया। केबिन में लोको पायलटों के साथ मारपीट की गई। इससे ट्रेन करीब 15 मिनट तक गंगापुर सिटी स्टेशन पर खड़ी रही।

### 3 जगहों से तनख्वाह ले रही थीं माधबीः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग के सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने माधबी पर नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि माधबी एक साथ 3 जगहों से वेतन ले रही थीं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' 52 करोड़ पेड़ लगे




**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि देश ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में एक मील का पत्थर हासिल किया है और बताया कि अभियान के तहत पूरे भारत में 52 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया था।

## बंगाल विधानसभा में रेप विरोधी कानून पास

# रेप और हत्या के मामले में फांसी की सजा साथ ही 36 दिन में करना होगा 'फैसला'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता रेप मामले को लेकर एक ममता सरकार ने बड़ा फैसला किया है। विधानसभा से एक विधेयक पारित करवा दिया है जिसमें रेप जैसे मामलों में आरोपियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान है।

मंगलवार को इसे पारित करदिया गया।बिल का नाम अपराजिता महिला और बाल विधेयक 2024 रखा गया है। विधेयक के जरिए सिर्फ महिलाओं को नहीं बल्कि बच्चों को भी जल्द न्याय दिलवाने की कोशिश है। इस बिल के मुताबिक रेप और हत्या के केस में फांसी की सजा होगी, इसी तरह चार्जशीट दायर करने के 36 दिन के अंदर मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है।

### बिल का नाम अपराजिता महिला और बाल विधेयक 2024 रखा



**एसिड अटैक पर होगी उम्रकैद**

*अगर कोई महिला एसिड अटैक का शिकार होती है तो उसे भी रेप की तरह गंभीर श्रेणी में रखा जाएगा और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा होगी। बिल का एक अहम पहलू यह भी है कि हर जिले में अपराजिता टास्क फोर्स बनाने की बात कही गई है। बड़ी बात यह है कि अगर रेप जैसे मामलों में किसी भी संस्थान या फिर मीडिया द्वारा रेप पीड़िता की पहचान को उजागर किया गया तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।*

### सभी मेडिकल कॉलेजों के हाउस स्टाफ की भर्ती रद्द

पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर सामने आ रही है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों में स्थानीय स्तर पर हाउस-स्टाफ की भर्ती रद्द कर दी है। डिपार्टमेंट ने ऐसा करने के पीछे का कारण नहीं बताया है। मंगलवार को हेल्थ डिपार्टमेंट ने एक नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी।

पूर्व प्राचार्य संदीप पर शिकंजा

### 8 दिन की हिरासत, 3 अन्य भी रिमांड पर



आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां संदीप को 8 दिन की हिरासत में भेज दिया गया और 3 अन्य आरोपियों को भी सीबीआई हिरासत में भेजा गया है। अब 10 सितंबर को अगली पेशी होगी। हिरासत में लिए जाने के बाद घोष के सीबीआई दफ्तर से निकलते ही इकट्ठे हुए लोग संदिप घोष को चोर-चोर बोलने लगे और उनकी गाड़ियों को रोकने की कोशिश की। गाड़ी के शीशे पर भी लोगों ने हाथ मारना शुरू कर दिया। लीआरपीएफ की सुरक्षा में घोष के काफिले को बाहर निकाला गया। उन्हें कोर्ट पहुंचाया गया। घोष और 3 अन्य आरोपियों को बीती रात सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने गिरफ्तार किया था।

टीएमसी नेता मैत्रा का विवादित बयान

### डॉक्टर विरोध के नाम पर बन रहे 'कसाई'



टीएमसी नेता ने कथित तौर पर ये टिप्पणियां हाल ही में पार्टी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए की थी। उन्होंने बांग्ला में कहा, डॉक्टर विरोध के नाम पर कसाई बन रहे हैं। गरीब और वंचित लोग जो बंगाल के अंदरूनी हिस्सों, ग्रामीण इलाकों से सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आते हैं, जो लोग निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च नहीं उठा सकते वे पीड़ित हैं। उनका इलाज नहीं किया जा रहा है। क्या वे इंसान हैं?

### आईपीएस की पत्नी यह कह रहीं: पूनावाला



*पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, टीएमसी विधायक लवली मैत्रा ने प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की तुलना कसाई से की है। वह कोलकाता पुलिस में एक आईपीएस की पत्नी भी हैं जो डॉक्टरों को नोटिस और समन जारी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के खिलाफ इतनी नफरत क्यों? सिर्फ इसलिए कि वे ममता सरकार और उनके पुलिस बल को जवाबदेह ठहरा रहे हैं?*

### भाजपा बोली- बर्खास्त करें, बचाव नहीं

*तृणमूल कांग्रेस की नेता लवली मैत्रा के एक बयान पर घमासान मच गया है। मैत्रा ने आर जी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों की तुलना 'कसाई' से की थी। इस मामले पर भाजपा ने टीएमसी को घेरा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अपने सोशल मीडिया पर लवली मैत्रा के भाषण का एक वीडियो पोस्ट किया और उनकी टिप्पणी की को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा है कि क्या बंगाल में सत्तारूढ़ टीएऐमसी मैत्रा को बर्खास्त करेगी या घोष की तरह उन्हें भी बचाने की कोशिश करेगी।*

## पंजाब के फिरोजपुर में वारदात

# गुरुद्वारे के पास एक ही परिवार के 3 लोगों को गोली से उड़ाया



जसप्रीत कौर



दिलदीप सिंह



आकाशदीप सिंह

एजेंसी ▶▶ फिरोजपुर

पंजाब के फिरोजपुर जिले में मंगलवार को बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दिनदहाड़े तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की यह वारदात गुरुद्वारा अकालगढ़ साहिब के पास हुई।

गुरुद्वारे के पास बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में एक लड़की भी है। वहीं वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस घटनास्थल पर जांच-पड़ताल में जुटी है। तीनों मृतक एक ही परिवार के हैं।

### बाइक से आए थे हमलावर कार में मारी थी गोली

घटना मंगलवार दोपहर की है। एक सफेद रंग की कार में पांच लोग सवार होकर कहीं जा रहे थे। जब यह लोग गुरुद्वारा अकालगढ़ साहिब के सामने कार से पहुंचे, तभी हमलावर बाइक से आए और कार पर फायरिंग करने लगे। हमलावरों ने करीब 20 राउंड कार पर फायरिंग की और फरार हो गए। गोलीबारी की घटना से आसपास हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

### शॉपिंग करने जा रही थी लड़की

पुलिस ने जब कार का दरवाजा खोलकर देखा तो उसमें तीन लोग मृत पड़े मिले। मृतकों में एक लड़की भी थी। वहीं दो महिलाएं भी थीं, जो मामूली रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस ने मौके पर महिलाओं को प्राथमिक उपचार दे, उनसे घटना के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि मृतक लड़की की एक महीने बाद होनी शादी थी। वह अपने दोनों भाइयों के साथ शॉपिंग करने जा रही थी, तभी एकाएक उनकी कार पर फायरिंग होने लगी।

## बुलडोजर फैसले का राहुल ने किया स्वागत

# गरीबों को डराने का प्रयास किया गया यह असंवैधानिक नीति का हिस्सा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने खुशी जाहिर की है। राहुल ने कहा कि भाजपा की बुलडोजर नीति ने मानवता और न्याय को कुचलने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भाजपा के असंवैधानिक चेहरे को बेनकाब कर रहा है। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत किया। राहुल ने कहा कि बुलडोजर का इस्तेमाल गरीबों और बहुजनों को डराने के लिए किया जा रहा है।



उन्होंने इसे न्याय के नाम पर डर फैलाने का तरीका बना लिया था। राहुल ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि बुलडोजर एक्शन भाजपा की असंवैधानिक नीति का हिस्सा है।

## 5 अन्य को भी आरोपी बनाया गया

# आरोपी के तौर पर पेश हों केजरीवाल सीबीआई कोर्ट ने जारी किया समन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कथित शराब नीति घोटाले में भ्रष्टाचार से जुड़े सीबीआई के मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। स्पेशल सीबीआई जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल समेत चार्जशीट में सभी आरोपियों को समन जारी कर 11 सितंबर को बतौर आरोपी पेश होने का आदेश जारी किया है। केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल



में हैं। अदालत ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। कोर्ट ने केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश करने की इजाजत दे दी है। आप नेता दुर्गेश पाठक, अमित अरोड़ा, आशीष माथुर, पी शरद रेड्डी, विनोद चौहान को भी आरोपी के रूप में समन जारी किया गया है।

## पूर्व मुडा कमिश्नर के निलंबन पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र ने कांग्रेस पर उठाए सवाल

# आयुक्त को बलि का बकरा बनाया गया, बड़ी 'मछलियों' को बचा रहे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुडा मामले में भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार को घेर रही है। अब भाजपा ने पूर्व मुदा कमिश्नर जीटी दिनेश कुमार के निलंबन पर कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि पूर्व आयुक्त को बलि का बकरा बनाया गया है।

दरअसल कर्नाटक में मुडा मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने आंतरिक जांच कराई थी। इसमें पूर्व मुडा कमिश्नर दिनेश कुमार को कई मामलों में दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया। सरकार की इस कार्रवाई पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि सरकार ने दिनेश कुमार को बलि का बकरा बनाया है।



### सीएम सिद्धारमैया इस्तीफा दें

*एक्स पर पोस्ट करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि कर्नाटक सरकार जिद पर अड़ी है। पूरे भ्रष्टाचार के मामले में दिनेश कुमार महज एक छोटी मछली हैं। इस मामले में बड़े भ्रष्ट शार्क हैं। सीबीआई जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।*

## यौन उत्पीड़न रोकने केंद्र सरकार ने लॉन्च किया शी-बॉक्स पोर्टल

# कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है। अब कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और बढ़ाने के लिए शी-बॉक्स पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण और निगरानी को कारगर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

पोर्टल भारत में कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए केंद्र के प्रयासों का अहम अंग है। एक केंद्रीकृत संग्रह के रूप में कार्य करते हुए यह पोर्टल सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों के बारे में जानकारी संग्रहीत करेगा। यह महिलाओं को शिकायत दर्ज करने, उसकी स्थिति की निगरानी करने तथा कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में करेगा यह काम



### शिकायतकर्ताओं की गोपनीयता रहेगी बरकरार

*केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि यह महिलाओं को कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए अधिक कुशल और सुरक्षित तरीका प्रदान करेगा।यह पहल पूरे भारत में महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी कार्य वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाती है। पोर्टल को शिकायतकर्ताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहे।*

### यह कामगार महिलाओं के लिए सुलभ होगा

*शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ डिजिटल नवाचार के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। यौन उत्पीड़न संबंधित शिकायतों के पंजीकरण के लिए सिंगल विंडो पहुंच प्रदान करना है। पोर्टल से देश भर की महिलाओं के लिए प्रक्रिया देना काफी आसान हो जाएगा, चाहे वे जिस भी क्षेत्र से संबंधित हों। यह सभी महिलाओं के लिए सुलभ है, चाहे वे घरेलू कामगार ही हों।*

### पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध

*पोर्टल में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 से संबंधित संसाधनों का संग्रह भी शामिल है, जिसमें पुस्तिकाएं, प्रशिक्षण मॉड्यूल और परामर्श दस्तावेज शामिल हैं। ये संसाधन हिंदी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध हैं और इन्हें निशुल्क प्राप्त या डाउनलोड किया जा सकता है। पोर्टल में अधिनियम और इसके प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वीडियो भी शामिल हैं।*

## केंद्र ने राज्यों को भेजा पत्र

# वंचित श्रमिकों का जीवन आसान बनाने पीएमएवाई में शामिल करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने वंचित श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में शामिल करने पर जोर दिया है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, संविदा श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के अन्य श्रमिकों को सुविधा दी है। श्रमिकों को शामिल करने से सामाजिक न्याय सुनिश्चित होगा और




जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों से प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, संविदा श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के अन्य श्रमिकों को आवास योजना के तहत शामिल करने का आग्रह किया गया है। यह मंत्रालय की बड़ी पहल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)